तत्पश्चात् राजा के द्वारा महाबोधि को तिवक्क ब्राह्मण ग्राम के द्वार पर रखवाकर स्थान-स्थान पर शुद्ध बालू बिछवाकर अनेक प्रकार के श्रेष्ठ फूलों एवं पताकाओं से मार्ग को सजवाकर, निरालस्य होकर दिन-रात महाबोधि की पूजा करते हुए चतुर्दशी के दिन अनुराध के समीप लाया गया।[28] वहाँ पर राजा ने राज अलङ्कारों से अलंकृत करके सोलह कुलों सहित महाबोधि को उठाया और आरोपित करने के लिए रख दिया। हाथ से दूर होते ही वह महाबोधि आकाश में अस्सी हाथ ऊँची चढ़ गई। वहाँ ठहरकर छः रङ्ग की सुन्दर किरणें छोड़ने लगी। लंका द्वीप में फैल कर ब्रह्मालोक तक पहुँचने वाली सुन्दर किरणें सूर्यास्त के समय तक रहीं।[29] इन प्रातिहार्यो को देखकर दस हजार लंकावासियों ने प्रसन्न हो, दिव्य-दृष्टि और अर्हत् पद को प्राप्त कर प्रव्रज्या ग्रहण की। तब सूर्यास्त के समय रोहिणी-नक्षत्र में उतरकर महाबोधि स्थापित हुई, उस समय पृथ्वी काँपी। महाबोधि के प्रतिष्ठित होने पर चारों ओर से आकर लोगों ने गन्धमाला आदि पूजा की सामग्री से महाबोधि की पूजा की। मेघवृष्टि तथा हिमगर्भ शीतल बादलों ने महाबोधि को ढक लिया। लोगों को आनन्दित करने वाली महाबोधि सात दिन तक उस हिमगर्भ मेघों में ही अदृश्य रही। सप्ताह की समाप्ति पर समस्त मेघ हट गये। उस समय छः रङ्ग की किरणों के सहित महाबोधि दिखाई दी। महामहेन्द्र स्थविर, संघमित्रा भिक्षुणी अपने अनुयायियों के सहित एवं राजा भी अपने प्रजाजनों सहित वहाँ आये। कजरग्राम और चन्दनग्राम के क्षत्रिय, तिवक्क ब्राह्मण एवं दूसरे लंकानिवासी जो महाबोधि-महोत्सव के लिए बहुत उत्सुक थे, देवताओं के प्रताप से वहाँ आ पहुँचे। इस प्रातिहार्य से विस्मित महासमागम में सबके देखते-देखते पूर्व की शाखा में से एक अखण्डित पका फल गिर पड़ा।'[30]

महाबोधि के उस गिरे फल को उठाकर स्थविर ने राजा को लगाने के लिए दिया। राजा ने उसे महासन के स्थान पर रखे हुए सुगन्धित मिट्टी से परिपूर्ण सोने के कड़ाहे (गमले) में लगा दिया। सबके देखते-देखते उसमें से आठ अंकुर निकल आये और वह बढ़कर चार-चार हाथ लम्बे बोधि के पौधे हो गये। राजा ने उन छोटे बोधि-पौधों को देखकर श्वेत छत्र से उनकी पूजा की और उनका राज्याभिषेक किया। एक-एक बोधि-पौधे को आठ स्थानों में स्थापित किया गया। शेष चार पके हुए फलों से उत्पन्न कुल बत्तीस बोधि-पौधों को चारों ओर योजन-योजन की दूरी पर यत्र-तत्र विहारों में स्थापित करवा दिया। इस प्रकार लंका-निवासियों के हित के लिये,

सम्यक् सम्बुद्ध के तेज से वृक्ष-राज महाबोधि की स्थापना होने पर अपनी मण्डली सहित अनुलादेवी ने संघमित्रा थेरी से प्रव्रज्या ग्रहण करके अर्हत् पद प्राप्त किया ।[31]

संघमित्रा का बोधिवृक्ष से लगाव

भिक्षुणी संघमित्रा ने विहार में निवास करते हुए धर्म के कार्य और लोगों का हित-साधन किया । महासिद्ध महामति संघमित्रा महाथेरी ने उनसठ (59) वर्ष की अवस्था में, उत्तिय राजा के नौवें वर्ष में हत्थाल्हक विहार में रहते हुए परिनिर्वाण प्राप्त किया ।[32] राजा उत्तिय ने एक सप्ताह तक उनकी देह का उत्तम पूजा-सत्कार किया । लंका को पूर्ण अलंकृत करके सप्ताह की समाप्ति पर उनके शरीर का नगर से बाहर, स्तूपाराम के पूर्व, चित्र शाला के समीप, महाबोधि के सामने थेरी के अपने बतलाये हुए स्थान पर अग्नि-कृत्य किया । फिर राजा ने उस स्थान पर स्तूप बनवाया ।[33]

संघमित्रा का लंका में योगदान

भिक्षुणी संघमित्रा और स्थविर महेन्द्र का लंका में बौद्ध धर्म की नींव स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण योगदान है । इनके सम्मिलित प्रयासों के परिणामस्वरूप वहाँ बौद्ध धर्म अंकुरित एवं पल्लवित हुआ । संघमित्रा का व्यक्तिगत जीवन नितान्त सादगीपूर्ण, त्यागमय और शीलयुक्त था । विदिशा नगरी में जन्मी इन महान् विभूति ने जीवन के प्रत्येक पक्ष को कर्तव्यनिष्ठा से निभाया । शैशवावस्था से ही बौद्ध धर्म के प्रति दृढ़ श्रद्धामयी होने से इन्हें अट्ठारह वर्ष की आयु में बौद्ध धर्म में प्रवेश करने का सुअवसर मिला । जिस समय बौद्ध धर्म का दायाद बनने के इच्छुक पिता (सम्राट् अशोक) ने इनसे प्रव्रज्या ग्रहण करने का अनुरोध किया, पिता की आज्ञा को शिरोधार्य कर इन्होंने इसे अमूल्य पुण्यावसर माना । इनकी प्रव्रज्या सम्राट् अशोक के शासन के छठे वर्ष में हुई थी ।[34] इस प्रकार इनका बौद्ध धर्म में पदार्पण एवं कार्य-क्षेत्र के लिए मार्ग विस्तीर्ण हुआ ।

भिक्षुणी संघमित्रा ने उपाध्याया धर्मपाला तथा आचार्या आयुपाला के संरक्षण में बौद्धविद्यार्जन किया । निरन्तर अध्ययनरत रहते हुए इन बहुश्रुत भिक्षुणी ने अर्हत्व पद प्राप्त किया ! इन्होंने जीवनपर्यन्त लंका में रहकर बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार करते हुए अपने शिष्यानुशिष्यों को भी तन्निमित्त नियुक्त किया । इस प्रकार लंका में बौद्ध धर्म के विकास में इनके योगदान का निरूपण प्रसङ्ग-प्राप्त है ।

भिक्षुणी-संघ-संस्थापिका

लंका में भिक्षुणी-संघ की स्थापना का मुख्य श्रेय भिक्षुणी संघमित्रा को प्राप्त है । स्थविर महेन्द्र द्वारा बौद्धधर्म के उपदेशों को सुनकर राजा तिष्य की बहन अनुलादेवी ने अपनी पाँच सौ सहचरियों सहित बौद्धधर्म में दीक्षित होने की इच्छा प्रकट की, किन्तु उसे निराश होना पड़ा क्योंकि भिक्षुओं को यह अधिकार नहीं था कि वे स्त्रियों को दीक्षा दे सकें । इस पुण्य-कार्य को यथार्थ रूप देने के उद्देश्य-हेतु भिक्षुणी संघमित्रा को लंका आने के लिए आमन्त्रित किया गया । इन आमंत्रण को स्वीकार कर उन्होंने अपने पिता (अशोक) से लंका जाने की

अनुमति माँगी जिसे सुनकर राजा अशोक ने कहा—'पुत्रि, मैं तुम से वियुक्त होकर कैसे रहूँगा' ।[35] इस पर संघमित्रा ने कहा कि 'इस पुण्य-कार्य के लिए मेरा लंका जाना ज़रूरी है क्योंकि वहाँ पर प्रव्रजित होने वाली स्त्रियों की संख्या अधिक है' ।[36] इस तर्क से सहमत होकर अशोक ने उन्हें स्वीकृति दी । और वे भिक्षुणी-संघ एवं बौद्धधर्म-प्रचार-हेतु लंका गईं । भारतीय इतिहास में यह प्रथम सुवर्ण अवसर था जब एक सम्राट् की कन्या धर्मप्रचारार्थ विदेश गई ।

भिक्षुणी संघमित्रा के लंका आने तक अनुलादेवी तथा उसकी सहचरियाँ पवित्र काषाय वस्त्र धारण करके तथा दसशीलों का पालन करते हुए, प्रव्रज्या-प्राप्ति की इच्छा से भिक्षुणी के आगमन की प्रतीक्षा करती हुईं, विशेषतः भिक्षुणियों के लिए बनवाये विहार में रहने लगीं ।[37] भिक्षुणी संघमित्रा ने लंका आने पर अनुला देवी तथा पाँच सौ स्त्रियों को अपनी अध्यक्षता में संघ में प्रविष्ट किया और थोड़े ही समय में उन सभी ने अर्हत् पद प्राप्त किया ।[38] इस प्रकार भिक्षुणी संघमित्रा द्वारा लंका में भिक्षुणी-संघ की स्थापना हुई । भिक्षुणी संघमित्रा तथा दूसरी भिक्षुणियों के निवास-हेतु जो विहार बना, वह 'उपासिका-विहार' नाम से प्रसिद्ध हुआ ।

इस प्रकार लंका में भिक्षुणी-संघ की स्थापना में संघमित्रा का योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण है । उन्हीं के प्रयत्नों के कारण भगवान् बुद्ध द्वारा प्रतिपादित अष्टांगिक आर्य मार्ग का लंका में प्रचार हुआ ।

प्रथम धर्मप्रचारिका

बुद्ध द्वारा संघ में स्त्री-प्रवेश को अनुमति देना भारतीय साहित्य में एक नए अध्ययन का शुभारम्भ करता है । बुद्ध के जीवन-पर्यन्त बौद्धधर्म का प्रचार भारत तक ही सीमित रहा किन्तु उनके परिनिर्वाण के 218 वर्षों बाद बौद्ध धर्म का प्रचार भारत से बाहर अन्य देशों में भी हुआ । भिक्षुणी संघमित्रा बौद्धधर्म- प्रचार-हेतु लंका में प्रथम धर्मप्रचारिका के रूप में गईं जिसका बौद्ध इतिहास में एक विशेष महत्त्वपूर्ण स्थान है । इसलिए इन्हें लंका में बौद्ध-धर्म रूपी जड़ को स्थापित करने का श्रेय प्राप्त है । इस तरह कहा जा सकता है कि यदि राजा शुद्धोधन के पुत्र सिद्धार्थ ने राज-सुख को त्याग कर संसार के सुख के लिए बौद्ध धर्म की स्थापना की तो उस का विदेश में जाकर प्रचार करने का महत्त्वपूर्ण कार्य एक दूसरी राजपुत्री संघमित्रा ने पूर्ण किया । यद्यपि अन्य अनेक बौद्ध भिक्षुओं ने भी विदेश में जाकर इस धर्म का प्रचार किया, किन्तु इस राजकन्या ने राजमहल में प्राप्त सुखों को छोड़कर बौद्ध भिक्षुणी बनकर अनजान देश में जाकर धर्म के प्रचार में अपना समस्त जीवन उत्सर्ग कर दिया । न केवल स्वयं को अपितु अपने पति और पुत्र को भी बौद्धधर्म-प्रचारार्थ समर्पित किया, जो कि एक असाधारण बात है । यदि ध्यान से देखा जाए तो संघमित्रा का त्याग स्वयं अशोक की बौद्धधर्मप्रियता से भी बढ़कर प्रतीत होता है । इनके त्याग से प्रेरित होकर स्त्रियाँ लंका में ही नहीं अपितु संसार के सभी बौद्ध देशों में भी बौद्ध-धर्म में दीक्षित हुईं । अतः भिक्षुणी संघमित्रा आज भी बौद्ध धर्मप्रचारकों में प्रेरणास्रोत के रूप में जानी जाती हैं । उनका यह उत्सर्ग बौद्ध इतिहास में सदैव स्मरणीय एवं वन्दनीय रहेगा ।

लंका को धार्मिक देन

लंका द्वीप में बुद्ध-शासन की प्रतिष्ठा भारत से हुई। बुद्ध-शासन की प्रतिष्ठा का अर्थ था, भारत से भिक्षुओं का आना, धर्म-प्रचार, लंका के निवासियों को प्रव्रजित तथा उपसम्पन्न करना, सर्वज्ञ (बुद्ध)- धातु (बुद्ध के शरीर अवशेष) को लंका लाना, भिक्षुणी-शासन की स्थापना, विहारों का निर्माण और देश-भर के लोगों को भगवान् बुद्ध के उपदेशों के अनुसार अपने जीवन-यापन करने की प्रेरणा देना।

संघमित्रा द्वारा लंका लाई गई बोधिवृक्ष-शाखा को अनुराधपुर के महाविहार में रोपा गया, जो बौद्ध संस्कृति का एक केन्द्र बन गया। देवानां प्रिय तिष्य द्वारा इस विशेष उद्देश्य के लिए ही महाविहार की स्थापना की गई, जो कि लंका का एक पवित्र धर्मस्थल है। इस महाविहार में बोधिवृक्ष के विद्यमान होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में दिनोदिन वृद्धि हुई, बौद्ध जगत् में लंका को धार्मिक क्षेत्र में विशेष महत्ता प्राप्त हुई। इस धार्मिक महत्ता का श्रेय भिक्षुणी संघमित्रा को ही प्राप्त है। राजा देवानां प्रिय तिष्य ने भिक्षुणी संघमित्रा तथा दूसरी भिक्षुणियों के निवास हेतु 'उपासिका-विहार' की स्थापना की। यह लंका का प्रथम भिक्षुणी-विहार बना तथा एक अन्य 'हत्थाल्हक विहार' भिक्षुणियों के निवास हेतु बनावाया गया। इन भिक्षुणी-विहारों के बनने के पश्चात् लंका में भिक्षुणियों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई जिससे थोड़े समय में ही भारत की तरह लंकाद्वीप भी काषाय वस्त्रों से प्रकाशवान् हो गया।

इस प्रकार लंका में अनेक स्तूपों, विहारों एवं प्रतिमाओं आदि का उनकी शैली में उत्तरोत्तर विकास होता गया जिस कारण लंका ने शिल्प जगत् में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया। वस्तुत: लंका में बौद्ध-धर्म के प्रचार-प्रसार में इनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

लंका को सांस्कृतिक देन

भिक्षुणी संघमित्रा द्वारा अनुराधपुर में रोपी गई उरुवेला (बोध गया) के बोधिवृक्ष की ही शाखा है, जो आज भी लंका की अमूल्य सांस्कृतिक निधि है। यह बोधिशाखा सर्वाधिक प्राचीन (ऐतिहासिक) है जिसकी पूजा लंकावासी अत्यधिक श्रद्धा से करते हैं। लंका में यह जयश्री महाबोधि के नाम से सुप्रसिद्ध है।[39] लंका में बोधिवृक्ष की पूजा एक महान् पूजा है क्योंकि इसकी पूजा सम्बुद्ध की पूजा के समान है। आज लंका में साधारण व्यक्ति भी बोधिवृक्ष के प्रति असीम श्रद्धा रखता है। इस वृक्ष का उनके व्यक्तिगत, धार्मिक एवं सामाजिक जीवन से घनिष्ठ सम्बन्ध है जैसे—नामकरण, विवाह, आशीर्वाद आदि अवसरों पर बोधिवृक्ष-पूजा एक अनिवार्य कर्म (क्रिया) है। बोधिवृक्ष के बिना वे अपना जीवन अपूर्ण मानते हैं।

भगवान् बुद्ध की धातुओं—हंसली की अस्थियों आदि को भिक्षुणी संघमित्रा-पुत्र श्रामणेर सुमन द्वारा भारत से लंका में ले जाया गया। उनके ऊपर निर्मित विशाल स्तूप, चैत्य आदि को भी लंका में विशेष आदरपूर्वक पूजा जाता है।

लंका में बौद्ध धर्म के प्रभाव की अभिव्यक्ति आज भी वहाँ पर मनाये जाने वाले उत्सवों, जुलूसों, झाँकियों आदि के द्वारा स्पष्ट होती है। बौद्ध उत्सवों में सबसे बड़ा उत्सव वैशाख-महोत्सव है। स्थविरवादी बौद्धों का विश्वास है कि वैशाखी पूर्णिमा के दिन सिद्धार्थ कुमार का जन्म, बोधि-प्राप्ति तथा बुद्ध का परिनिर्वाण हुआ था। इसलिए वैशाख-महोत्सव सुदीर्घ समय से निरन्तर मनाया जाता रहा है। इस प्रकार बौद्ध धर्म भारत और लंका के सांस्कृतिक इतिहास को मिलाने वाली एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है। सिंहली कला, शिल्प, साहित्य, सङ्गीत, पर्व और उत्सव आदि सभी भारतीय देन हैं जिनको लंका में ले जाने का श्रेय भिक्षुणी संघमित्रा को ही प्राप्त है।

सन्दर्भ-सङ्केत

1. महावंस, पञ्चम परिच्छेद, पृ.22
2. वही, त्रयोदश परिच्छेद, पृ.68
3. अशोक परिशिष्ट 'क', पृ- 37
4. वही
5. वही
6. महावंस, पञ्चम परिच्छेद, पृ.34
7. वही
8. वही
9. वही, पृ.32
10. वही, पृ.33
11. वही
12. वही
13. वही
14. वही, पृ.34
15. वही, पृ.33
16. वही, पृ.34
17. 'विनय' के अनुसार स्त्री को उपसम्पदा पाने के पूर्ण दो वर्ष तक उम्मीदवार रहना पड़ता है। वही, पृ.34
18. वही
19. वही, भिक्षुओं की उपसम्पदा में एक क्रिया।

20. वही
21. वही
22. वही, एकोनविंश परिच्छेद, पृ.100
23. वही
24. वही, भूमिका, पृ.4
25. वही, एकोनत्रिंशपरिच्छेद, पृ.101
26. वही
27. वही, पृ.102
28. वही
29. वही
30. वही, पृ.103
31. वही
32. वही, विंश परिच्छेद, पृ.101
33. वही, पृ.109
34. वही, पञ्चम परिच्छेद, पृ.34
35. वही, अष्टादश परिच्छेद पृ.97
36. वही
37. वही, पृ.96
38. वही, एकोनविंश परिच्छेद, पृ.100
39. श्रीलंका, पृ.119

दिल्ली

SECTION V


Music In Buddhist Literature

जापान में संस्कृत सङ्गीत

लोकेश चन्द्र

1972 वर्ष की कड़कड़ाती ठण्ड में जापान में लेखक-सम्मेलन के लिए निमन्त्रित था। निमन्त्रण देने वाले नोबल- पुरस्कार-विजेता श्री कावाबाता, 'सात सोई सुन्दरियाँ' लिख कर स्वयं सो गये थे। हाराकिरी कर ली कि मैं वृद्ध हो गया, शरीर व्यर्थ हो गया और फिर से सप्त सुन्दरियों के समकक्ष अनुभव और कृति असम्भव हो गई। क्योतो में पहुँचा, तो कावाबाता के निधन में वातावरण क्षुब्ध पाया। मन्दिरों की घण्टियों के सान्ध्य स्वर वायु में लुप्त होते सुनाई देते-अनित्यता का अनुपम उदाहरण। सम्मेलन पूर्ण होने पर पर्वतांचलों के मौन में विराजमान कोयासान गया। यहाँ कई सौ मन्दिर हैं, प्राचीन स्मृति-चैत्य हैं और यह मन्त्रयान का मुख्य केन्द्र है। शून्य से 40 अंश नीचे का हड्डियाँ चीरकर घुसता हुआ शीत था। सायं बिजली के मेज के चारों ओर यामामोतो परिवार के साथ बैठकर पूछ रहा था कि ऐसे वातावरण में मूर्तियाँ कैसे शिल्पित की जा सकती हैं और पटचित्रों का आलेखन कैसे सम्भव है ? मिलने आए हुए थे-भिक्षु कोजुम् आराह। आराह बोले मैं आपको संस्कृत सङ्गीत सुनाऊँगा और शीत भाग् जाएगा। पूछा-कौन सा संस्कृत सङ्गीत? बोले सुनिए। गाने लगे, ऊँचे, स्वर में, ध्यान में विलीन, शताब्दियों के भावों में मग्न। यह मङ्गलगाथाष्टक का पहिला पद्य था—

यन्मङ्गलं तुषित-विमान-गर्भाद्
आसीद् इहावतरतो जगतो हिताय।
सेन्द्रैः सुरैरनुगतस्य तथागतस्य
तन्मङ्गलं भवतु शान्तिकरं तवाद्य॥



संस्कृत

चीनी लिप्यन्तर और पार्श्व में जापानी में उच्चारण । बाईं ओर स्वराङ्कन ।

जापानी गायन-ग्रन्थ में मङ्गल गाथा-संस्कृत, चीनी और स्वर, स्वरों के आलाप, विस्तार, उतार-चढ़ाव उनके पुष्पित-पल्लवित होने में आधा घण्टा लगा । मैं अस्थिवेधी शीत भूल गया और सोचने लगा कि क्या गा रहे हैं । संस्कृत का उच्चारण जापानी बन गया था और शब्दों का पहिचानना असम्भव था । भिक्षु आराह ने सिद्धनागरी से पूरा पद्य लिखा । यह नागरी का सातवीं शताब्दी का रूप है । पढ़ा और संस्कृत की प्रतीति होने लगी । पूछा क्या मुझे लिखकर दे सकते हैं ? अगले दिन पूर्ण गायन लिख कर ले आए-चीनी अक्षरों में संस्कृत, सिद्धनागरी में संस्कृत और प्राचीन स्वराङ्कन । भिक्षु जी से पूछा कि आपको इसमें कैसे रुचि हुई । बोले, मैं सड़कों की इंजीनियरिंग पढ़ा था, पर सोचा जनहित के लिए यान, मन्त्रयान अधिक आवश्यक है । सड़क-निर्माण छोड़

कर लोगों की आत्माओं का निर्माण करने में लग गया। इसके लिए संस्कृत-सङ्गीत सीखा और आगे भी सीख रहा हूँ। दुःख से बोले—यह विद्या हमारे देश से लुप्त हो रही है। कितना अच्छा होता कि हम भोगवाद की ओर अग्रसर न होते, और यह विद्या न खोई जाती। धन की अपेक्षा आत्मा का विकास मानव के लिए अधिक श्रेयस्कर है। यदि जापान आर्थिक दृष्टि से कम सम्पन्न होता, तो हमारी आध्यात्मिक चेतना अधिक परिपुष्ट होती। विचारों की सरणि को खण्डित करते हुए मैने कहा-भिक्षु जी मुझे आपके सम्पूर्ण संस्कृत-गेय-पद, उनकी चीनी और सिद्धनागरी, तथा स्वराङ्कन चाहिए। आप इनको सङ्गीतबद्ध करेंगे और मैं भरूँगा। दस दिन में 50-60 पृष्ठ में कुछ सङ्कलन लाए और मैने उनके यन्त्र पर ही सङ्गीत भर लिया। बीस वर्ष से यदा-कदा कुछ न कुछ भेजते रहते हैं और विपुल संग्रह हो गया है। सब पद्यों की संस्कृत ठीक कर ली है। इसके एक पृष्ठ का चित्र इस लेख में दे रहा हूँ। ये गीतबद्ध संस्कृतपद्य चीन होते हुए कोरिया और जापान पहुँचे। जापान में इनको बोम्बाइ अथवा शोम्यो कहते हैं।


चीन के सम्राट् वुति Wuti ने 138-126 ईसा पूर्व में चाङ्छ्येन् को बर्बर जातियों को खोजने भेजा। चाङ्छ्येन मध्य एशिया होते हुए भारत पहुँचा और देखा कि भारत की संस्कृति कितनी ऊँची है। भारतीय सङ्गीत, नृत्य और वाद्यों से इतना प्रभावित हुआ कि अपने देश 'महातुषार राग' ले गया। इस राग के आधार पर चीनी सम्राट् के जामाता और सेनापति ने 28 प्रयाण-गीत लिखे। तुषार राग आज भारत में केवल सिख गुरुग्रन्थ साहब में ही मिलता है। चाङ्छ्येन् भारतीय सुन्दरियों के उड़ते उत्तरीय और उमड़ती यौवनभरी नृत्यकला से अभिभूत हो गये। चीन में लकड़ी की ढोलक और भारतीय नृत्य का प्रारम्भ किया।

सन् 192-232 में राजकुमार और कवि त्साओची ने बौद्ध स्तोत्रों को लोकप्रिय स्वरों में बाँध कर जनजन में व्याप्त किया। गन्धर्व पञ्चिक का सङ्गीत सुनने राजकुमार चीन के यू पर्वत पर जाया करते और लौटकर स्वर-रचनाएँ करते। दिव्य प्रेरणा से अनुप्राणित उन्होंने 3000 स्वरबन्ध किए।


अमिताभ बुद्ध के स्वर्ग का नाम सुखावती है। सुखावती का गगन अप्सराओं और वाद्यों से भरा है। ये व्योमबालाएँ सुखावती के सप्तरत्न सरोवर में स्नान करती हैं, माँस और मदिरा का उपयोग न कर, फूलों से मधु-संचय करती हैं और आकाश से पुष्प वर्षा करती हैं। जगत् को सुरभित और सङ्गीतमय बनाती हैं। कटि के ऊपर दिगम्बर, गगन में प्रवहमान उत्तरीयों में उड़ती रहती हैं। कुमारजीव ने पुण्डरीक सूत्र का सन् 416 में चीनी भाषा में अनुवाद किया था। इसमें लिखा है कि जब भगवान् बुद्ध ने अपने अग्रणी शिष्य शारिपुत्र को अनुत्तरा सम्यक्संबोधि कर वर दिया, तब उपस्थित देव, गन्धर्व आदि हर्षोन्मत्त नाचने लगे। अपने उत्तरीय उतारकर भगवान् को दे दिये। इसलिए अप्सराएँ उत्तरीय-हीन ऊपर दिगम्बरियाँ हैं। चीनी समाज में महिलाएँ अत्यधिक वस्त्र पहिनती थीं। भारत की कला का जब चीन में प्रचार होने लगा तब अनावृत वक्षःस्थल की व्याख्या चाहिए थी। पुण्डरीक सूत्र ने इसकी पूर्ति की।



सुखावती में अप्सराएँ वीणा लिए निरुत्तरीय नृत्य करती हुईं ।



लहराते अंशुक वाली वीणा और शार्ङ्ग आकाश में ।



दुन्दुभि मँजीरे

सन् 568 में कूचा राज्य से राजकुमार सुजीव चीन गए । वंशी-वादन में पारङ्गत थे । चीन में सप्त-स्वरीय सङ्गीत प्रारम्भ किया । ये वीणा बजाते थे और इसके कारण चीन और जापान में वीणा का प्रवेश हुआ । सुजीव के सात स्वरों के नाम चीनी इतिहासकारों ने संस्कृत में दिये हैं—साधारित, कैशिक, षड्ज, षड्जग्राम, षाडव, पञ्चम, ऋषभ ।

चीन से भारतीय सङ्गीत, कोरिया होता हुआ, जापान पहुँचा। आठवीं शताब्दी में जापान के सम्राट् शोमु (624-748) के काल में जापान में भारतीय सङ्गीत और नृत्य का प्रचार हुआ। आज भी राजप्रासाद में इनमें से कुछ परम्पराएँ सुरक्षित हैं। आचार्य बुत्तेत्सु और भारद्वाज गोत्र के बोधिसेन ने दाहआन्-जी विहार में अवतंसक, संस्कृत और सङ्गीत की शिक्षा दी। सङ्गीतमय नृत्यों में ऋग्वेद के अश्वराज- पेदु, भैरव और अम्बा, सहस्रशरदानन्द आदि हैं।

जापान में सङ्गीत की गुरु-शिष्य परम्पराएँ इकट्ठी थीं। इनमें एक परम्परा सन् 650 से लेकर आज तक की है। काञ्ची के आचार्य नागार्जुन से आरम्भ होती है जो 650 के लगभग काञ्ची में तन्त्रों के महान् आचार्य थे। यह भारतीय सङ्गीत के इतिहास में प्राचीनतम निरन्तर अविच्छिन्न परम्परा है।

जापान में वीणा को बीवा कहते हैं। इसमें चार तार होते हैं। अंगुलि से बजाते हैं। जब बाहर खींचते हैं तो 'बी' ध्वनि और 'वा' ध्वनि जब अन्दर की ओर। इसलिए इसका नाम बीवा है। वाद्य में स्वर्ग, पृथिवी और मनुष्य की त्रिवेणी है। इसके पञ्चाङ्ग पाँच गुणों के प्रतीक रूप हैं और इसके चार तार, चार ऋतुओं के द्योतक हैं। गुणों का निधान, ऋतुओं के सामंजस्य से शरीर की स्वस्थता और स्वरमाधुर्य से स्वर्ग को धरती पर लाता है। जापान के शोसोइन् भाण्डागार में सन् 657 की वीणा सुरक्षित है। यह संसार की प्राचीनतम वीणा है। सौ वर्ष पूर्व जापान के पथों पर प्रज्ञाचक्षु गायक, वीणा के मधुर स्वरों से स्तोत्र गाते थे। जापान में दुन्दुभि को 'तुदुमि' (त्सुजुमि) कहते हैं। वह भी भारत से गया है। शब्द भी संस्कृत का रूपान्तर है।



प्रज्ञाचक्षु गायक बेन्तेन्, सरस्वती वीणा लिए हुए, तुदुमि अर्थात् दुन्दुभि

जापान में वज्रलास्या, वज्रमाला, वज्रगीता और वज्रनृत्या देवियों का समावेश ध्यान-पट वज्रधातु-महा-मण्डल में है। भारत में नृत्य और सङ्गीत, साधना के अङ्ग हैं। परम कैवल्य आनन्द है, स्वरों की मूर्च्छनाओं और गतिलहरियों के पार की पारमिता है। सङ्गीत उस पारमिता का साधन है।



वज्रगीता (जापान, नवीं शती)




वज्रनृत्या (जापान, नवीं शती)

दो सौ वर्ष पूर्व जापानी विद्वान् शिंगेन् की हस्तलिपि में वाराणसी के पुण्य-मङ्गल का आह्वान है ।

पुर्यां वाराणस-नदी-प्रतिमण्डितायां

तन्मङ्गलं भवतु शान्तिकरं तवाद्य ॥

यह नीचे जापानी काष्ठलिपि से उद्धृत है—



वाराणसी द्वारा मङ्गलकामना

(सिद्धनागरी और उसका जापानी लिपि में उच्चारण)

जापान की गहन मानसिकता में बसा है उसके नव-प्रभात का रहस्य । इस गहनता का मूल, श्रमणों के संस्कृत सूत्रों की चेतना है जो कभी-कभी और कहीं-कहीं संस्कृत पद्यों के गायन में फूट पड़ती है । युवा किग्यो मियाजिमा के शब्दों में यह देवता-योग है । वे भारत आकर मनुस्मृति का जीवन व्यतीत करना चाहते हैं, अदरक खाकर भी । मुझे अदरक खाते देखा और सोचा भारत में अदरक खाने का बहुत प्रचार है ।

नई दिल्ली

बौद्ध वाङ्मय में सङ्गीत

सुषमा कुलश्रेष्ठ

ललित कलाओं में सङ्गीत का महत्त्वपूर्ण स्थान है। 'गीतं वाद्यञ्च नृत्यञ्च त्रयं सङ्गीतमुच्यते'। सङ्गीत के अन्तर्गत गायन, वादन एवं नृत्य तीनों को परिगणित किया जाता है। वैदिक एवं लौकिक संस्कृत साहित्य सङ्गीत की सरसता तथा सङ्गीत के शास्त्रीय उल्लेखों से युक्त है। बौद्ध एवं जैन ग्रन्थों से भी तत्कालीन सङ्गीत कला का अच्छा ज्ञान प्राप्त होता है। बौद्ध ग्रन्थों में गायन, वादन एवं नृत्य के अनेकविध उल्लेख उपलब्ध होते हैं जो तत्कालीन सङ्गीतविद्या की उन्नति के परिचायक हैं। बौद्ध वाङ्मय में जो सङ्गीत उल्लिखित है, आगे चलकर उसकी अभिव्यक्ति भारत की प्राचीन शिल्प एवं चित्रकला में प्राप्त होती है जिसके आधार पर तत्कालीन गीत, वाद्य एवं नृत्य के स्वरूप का ज्ञान आसानी से किया जा सकता है।

अन्य विद्याओं की भाँति सङ्गीत विद्या का भी विधिवत् अध्ययन तत्कालीन सम्पन्न परिवारों में किया जाता था। स्वयं बोधिसत्त्व सङ्गीत तथा नाट्य कला के कुशल ज्ञाता थे। उनके परिवार की सब स्त्रियाँ भी कुशल सङ्गीतज्ञा थीं। ललितविस्तर में उल्लेख है कि बुद्ध की माता माया देवी कलानिपुण थीं। बुद्ध के भावी श्वसुर ने विवाह के पहले शर्त रखी थी कि उनकी कलानिपुण पुत्री के लिए अपने को योग्य सिद्ध करने के लिए भावी वर को सङ्गीतादि कलाओं की अपनी दक्षता प्रदर्शित करनी होगी।[1] सिद्धार्थ के लिए ऐसी वधू चाहिए थी जो गणिका के समान कलानिपुण हो—'शास्त्रे विधिज्ञकुशला गणिका यथैव'।[2] बुद्धचरित में उल्लेख है कि तत्कालीन अन्तःपुरों में महती वीणा, मृदङ्ग, पणव, तूर्य, वेणु आदि वाद्यों का वादन तथा गायन मनोरञ्जन के लिए किया जाता था। पितृपुत्रसमागम नामक कथा में वर्णन है कि भगवान् बुद्ध के जन्मावसर पर पाँच सौ वाद्यों का वृन्दवादन हुआ था।[3] इस प्रकार का वाद्यवादन आजकल विशिष्ट राजकीय समारोहों तथा चलचित्र-गीतों की रिकार्डिंग के अवसर पर देखने और सुनने में आता है।

बौद्ध युग में विद्याप्रदान का प्रमुख केन्द्र तक्षशिला था जिसमें अनेक अध्ययन विभाग थे यथा-वैदिक विद्यालय, अष्टादश विद्यालय, शिल्पविज्ञान विद्यालय आदि जिनमें पाँच-पाँच सौ विद्यार्थी अध्ययन करते थे।[4] शब्दविद्या, अध्यात्मविद्या, चिकित्साविद्या, हेतुविद्या और शिल्पविद्या नामक वैदिक पञ्च महाविद्या जातक युग में 'पञ्चयान' कहलाती थीं।[5] परोपहस्स जातक के अनुसार बोधिसत्त्व ने इसी विश्वविद्यालय में समस्त शिल्पों की शिक्षा प्राप्त की थी। इसी काल का एक दूसरा विद्याकेन्द्र था वाराणसी, जिसमें सङ्गीताध्यापन का स्वतन्त्र विभाग

था। नालन्दा, विक्रमशिला तथा ओदन्तपुरी सदृश दूसरे विश्वविद्यालयों में भी सङ्गीत का स्वतन्त्र निकाय था जिसमें अध्यक्ष के रूप में भारतप्रसिद्ध सङ्गीतज्ञ की नियुक्ति की जाती थी।[6] सङ्गीत के लिए 'गन्धब्ब वेद' अथवा 'गान्धर्ववेद' संज्ञा थी जिसके अन्तर्गत गीत, वादित्त, नच्च (नृत्य), अक्खानं आदि का सन्निवेश था। अक्खान के अन्तर्गत प्राचीन आख्यान तथा वीर गाथाओं का गायन सन्निविष्ट था।[7] इनकी गणना 'सिप्प' अथवा 'शिल्प' में की जाती थी।

वेद तथा वेदाङ्गों का जैसा अध्ययन वैदिक युग में प्रचलित था, ठीक वैसा ही जातक युग में भी था।[8] तेविज्ज सुत्त में साम के छान्दोग्य चरण का उल्लेख प्राप्त होता है। दीर्घनिकाय में छान्दोग्य चरण के आचार्यों को 'छान्दोक' कहा गया है। सेलसुत्त में शैल नामक ब्राह्मण का उल्लेख है जो तीनों वेद तथा वेदाङ्गों का कुशल ज्ञाता था और तीन सौ विद्यार्थियों का वेदाध्यापक था। वैदिक मन्त्रों की भाँति बौद्ध सुत्तों को भी सस्वर पढ़ने की प्रणाली उस समय वर्तमान थी।[9] पालि महावग्ग तथा उदान[10] में लिखा है कि गौतम की इच्छानुसार कोण कुट्टिकण्ण नामक भिक्षु ने अट्ठकवग्गिक (अर्थपाद) सूत्रों को सस्वर पढ़ा था—'सरेण अभासि'।[11]

जातक ग्रन्थों में उस काल के प्रचलित व्यवसायों की एक सूची प्राप्त होती है जिसमें निम्नलिखित वर्ग समाविष्ट हैं—नट, नर्तक, गायक, भेरीवादक एवं नाटककार आदि।[12] इनमें से प्रत्येक का सङ्गीत से कुछ न कुछ सम्बन्ध अवश्य है। इन सबके अनेक संघ होते थे तथा इनके लिए नगर में पृथक् उपनिवेश का प्रबन्ध था। उस काल में गणिकाओं एवं नर्तकियों को समाज में सङ्गीतज्ञा के रूप में विशिष्ट सम्मान प्राप्त था। गङ्गमाल-जातक में वर्णन है कि राजकुमारी के परिणयावसर पर 16,000 नर्तकियाँ गान तथा नृत्य प्रस्तुत करने के लिए निमन्त्रित की गई थीं (3.452)। सुमङ्गलविलासिनी ग्रन्थ के अनुसार काशी नरेश के अन्तःपुर में अनेक कुशल नर्तकियाँ नियुक्त थीं।[13] उस काल में गणिका को अन्य सामान्य वेश्याओं की तुलना में अधिक सम्मान प्राप्त था क्योंकि वह सङ्गीतकलाविदुषी हुआ करती थी। गणिका सङ्गीतादि अनेक शास्त्रों को जानती थी तभी तो ललितविस्तर में कहा गया है—'शास्त्रे विधिज्ञकुशला गणिका यथैव'। शासनकार्य को सुचारु रूप से चलाने के लिए प्रमुख पदाधिकारियों के अलावा जिन एकादश अङ्गों की आवश्यकता थी, उनमें गणिका का भी समावेश था (द्र. कुरुधम्म-जातक)। वेश्या का जनपद-कल्याणी के रूप में राष्ट्रीय सम्मान होता था और इनके लिए पञ्चशील की दीक्षा आवश्यक मानी जाती थी (द्र. दुम्मेध-जातक)।

बौद्ध युग में सङ्गीत एवं नाट्यकला अपनी उन्नत अवस्था में वर्तमान थी। सङ्गीत एवं नाट्यादि कलाओं के विकास के लिए राजसाहाय्य अत्यावश्यक है और यह राज्याश्रय इन कलाओं को उस काल में प्राप्त था। राजसभा में गायक, वादक एवं नर्तक-नर्तकियों की विधिवत् नियुक्ति की जाती थी। राजसभा में 16,000 नर्तकियों की नियुक्ति का उल्लेख मिलिन्दपञ्ह में है—'सोलस्सु नाटकीसहस्सेसु'।[14] जिस राजसभा में 16,000 नर्तकियाँ स्थायी रूप से नियुक्त हों, वहाँ के राजकीय साङ्गीतिक समारोहों की शोभा एवं भव्यता का सहज अनुमान किया जा सकता है। राजसभा के गायक, वादक और नर्तकों के रहने पर भी आवश्यकता पड़ने पर चतुर गणिकाओं को गायन, वादन एवं नृत्य के लिए निमन्त्रित किया जाता था।[15] उस काल के राजा तथा समाज के समृद्ध जन

बौद्ध विहारों को आर्थिक तथा अन्य सहायता सदा प्रदान किया करते थे । विहारों में आराधनार्थ नियुक्त आराधक कलाकारों को राज्य की ओर से अर्थ प्रदान किया जाता था । शासन का पूरा नियन्त्रण इन कलाकारों पर था । सरगुजा राज्य में प्राप्त गुम्फाभिलेख से ज्ञात होता है कि वहाँ के विहार में सुतनुका नाम की एक देवदासी थी । उसके एवं वहाँ के आराधक के मध्य प्रेम व्यवहार को देखकर दोनों को कठोर दण्ड दिया गया था ।

बौद्धकालीन समाज में अनेक लोकोत्सव हुआ करते थे जिनमें गायन, वादन एवं नृत्य का समावेश होता था । फाहियान के यात्राविवरण में मगध में होने वाले ऐसे उत्सवों का स्पष्ट उल्लेख है । ये सामाजिक उत्सव 'समज्जा' अथवा 'समाज' संज्ञा से अभिहित होते थे । ऐसे सामूहिक उत्सवों का आयोजन नियमित रूप से होता था—इसके प्रमाण अशोक के अभिलेख हैं, विधुरपण्डित-जातक में एक समज्जा का चित्र अंकित है जिसमें सभी स्त्री पुरुषों के गीत, नृत्यादि में सम्मिलित होने का उल्लेख है ।[16] ऐसे लोकोत्सवों के अवसर पर आख्यानों के गाने की भी परम्परा थी—यह सिगालोवाद सुत्तन्त से ज्ञात होता है ।[17] जैसे वर्तमान युग में विशिष्ट सभागारों में भव्य उत्सव आयोजित होते हैं तथा विशिष्ट व्यक्तियों को निमन्त्रित किया जाता है, उसी प्रकार उस युग में ऐसे लोकोत्सव शैलशिखरों तथा पवित्र स्थानों पर आयोजित होते थे और नगर के माननीय प्रतिष्ठित लोगों को इनमें विशेष रूप से निमन्त्रण प्राप्त होता था ।[18] विसुद्धिमग्ग में उल्लेख है कि उत्सव में 500 नर्तकियों को निमन्त्रित किया गया था ।[19]

बौद्ध काल में नाट्य के लिए 'पेक्खा' अथवा 'प्रेक्षा' संज्ञा थी । नाट्य का दिग्दर्शक अथवा निर्देशक नटाचार्य कहलाता था । प्रमुख नट के लिए 'नटगामणि' अभिधान था । नट लोग जनता के सम्मुख रङ्गभूमि पर अनेकविध अभिनयों द्वारा उनका मनोरञ्जन करते थे—'यो सो नटो रंगमज्झे समज्जमज्झे सच्चालिकेन जनं हासेति रमेति' ।[20] नाटक में नट के साथ नटी भी हुआ करती थी किन्तु समाज में नटी को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाता था क्योंकि वे सौन्दर्य-प्रसाधन तथा विविध-कला-कुशलता द्वारा शरीर-विक्रय भी किया करती थीं । कुसजातक में उल्लेख है कि राजा अपनी धर्मपत्नियों से संतान न होने पर उन्हें धर्मनटी बनाकर बाहर भेज देता था जिससे वे अभीष्ट पुरुष से गर्भधारण कराने में समर्थ हो सकें ।[21]

विभिन्न वाद्यों द्वारा उद्‌भूत स्वर तथा लय का आनन्द वाद्य सङ्गीत अथवा वादन द्वारा प्राप्त होता है । साङ्गीतिक वाद्य चार प्रकार के माने गये हैं—तत, अवनद्ध, सुषिर और घन । आचार्य भरतमुनि के अनुसार—

ततं तन्त्रीकृतं ज्ञेयमवनद्धं तु पौष्करम् ।
घनं तालस्तु विज्ञेयः सुषिरो वंश उच्यते ॥[22]

बौद्ध वाङ्मय में इन चारों प्रकार के वाद्यों के अनेकविध उल्लेख उपलब्ध हैं । उङ्गलियों से छेड़कर (यथा स्वरमण्डल, तम्बूरा), कोण या त्रिकोण की सहायता से (यथा सितार, वीणा, सरोद), गज से रगड़ कर (यथा सारंगी, इसराज, दिलरुबा) तथा डण्डी से प्रहार कर (यथा सन्तूर) बजाये जाने वाले वाद्य तत वाद्य कहलाते हैं । बौद्ध साहित्य में तत वाद्यों में निम्नाङ्कित वाद्यों का नामोल्लेख प्राप्त होता है—परिवादिनी वीणा, विपञ्ची, वल्लकी, महती, नकुली, कच्छपी तथा तुम्बवीणा ।[22] वास्तव में ये सब तरह-तरह की वीणाओं के ही नाम हैं । तारों की

संख्या तथा वादन-विधि के भेद से एक ही वीणा के अनेक भेद बन गए। इसी बात को सोमेश्वर ने अपने मानसोल्लास में लिखा है—'तन्त्रीभेदैः क्रियाभेदैर्वीणावाद्यमनेकधा'।[23]

नारदकृत सङ्गीत-मकरन्द में उन्नीस वीणाओं का नामनिर्देश उपलब्ध होता है। वे हैं—कच्छपी, कुब्जिका, चित्रा, वहन्ती, परिवादिनी, जया, घोषावती, ज्येष्ठा, नकुली, महती, वैष्णवी, ब्राह्मी, रौद्री, कूर्मी, रावणी, सारस्वती, किन्नरी, सैरन्ध्री एवं घोषका। बौद्ध वाङ्मय में उल्लिखित विभिन्न तत वाद्य वीणा के ही पृथक्-पृथक् भेद हैं। उस काल में तत वाद्यों के लिए 'वीणा' सामान्य संज्ञा थी। वीणा की तुम्बी के लिए बीलीफल का उपयोग किया जाता था। वीणा उस काल का सर्वाधिक प्रिय वाद्य रहा है। दीघनिकाय में उल्लेख है कि वीणावादन के साथ प्रस्तुत किये गये श्रुतिमधुर सङ्गीत ने बुद्धदेव सदृश वीतराग को भी प्रभावित कर दिया था। कथा कुछ इस प्रकार हैं। पंचसिख नामक एक गन्धर्व था जो प्रसिद्ध गन्धर्व तुम्बरु की कन्या सूर्यवर्चसा से प्रेम करने लगा। अपनी प्रेमसाधना में असफल होकर एक दिन वह वीणा पर कारुणिक गीत गा रहा था। वीणा-तन्त्री पर झंकृत स्वरों तथा करुणगीति के शब्दों का सामञ्जस्य कुछ ऐसा था जिसे सुनकर स्वयं भगवान् बुद्ध प्रसन्न हो गीत की प्रशंसा करने लगे–'अहो ! सङ्गीत का प्रभाव अक्षुण्ण है।' सङ्गीतादि कलाओं को राज्याश्रय प्राप्त था। राज्य की ओर से ही वीणावादकों की अनेक प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती थीं जिसमें विजेता को पुरस्कार एवं राज्याश्रय-प्राप्ति रूप सम्मान-लाभ होता था। उस काल में अनेक चतुर वीणावादक थे। मूसिल-जातक तत्कालीन वीणा-वादन-कौशल का स्पष्ट परिचायक है। कथा है कि उज्जयिनी के वीणावादक मूसिल तथा वाराणसी के राजवादक गुत्तिल के मध्य ईर्ष्या पनप गई। यद्यपि मूसिल ने गुत्तिल से ही वीणा-वादन के गूढ़ रहस्यों को सीखा था तथापि वे उन्हीं को पराजित करने का प्रयास करने लगे। राजसभा में स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा के अन्तर्गत गुत्तिल ने वीणा के सात तारों में से एक-एक को तोड़कर बचे हुए तारों पर वीणा-वादन ज़ारी रखा। स्पर्धा के अन्तिम क्षणों में सभी तन्त्रियाँ तोड़ने के अनन्तर वीणा के दण्ड से ही ध्वनियाँ गूँजती रहीं। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि सम्भवतः उस समय वीणातन्त्रियों के कर्षण से एकाधिक स्वरों का वादन करने की प्रणाली प्रचलित रही हो। वीणा का वादन कोण द्वारा किया जाता था।

वे वाद्य जो भीतर से पोले तथा चमड़े से मढ़े हुए होते हैं और हाथ या किसी अन्य वस्तु के ताडन से शब्द उत्पन्न करते हैं, अवनद्ध अथवा आनद्ध कहलाते हैं। अवनद्ध वाद्यों में मृदङ्ग, पणव, भेरी, डिण्डिम तथा दुन्दुभि का उल्लेख जातकों में प्राप्त होता है। मृदङ्ग बजाने के लिए दण्ड का प्रयोग किया जाता था। कौशाम्बी, रामनगर, राजघाट, मथुरा तथा भीटा आदि स्थानों पर किये गए उत्खननों में कोण तथा वादनदण्ड प्रचुर मात्रा में प्राप्त हुए हैं। वे वाद्य जो ठोकर लगाकर बजाये जाते हैं, घनवाद्य कहलाते हैं। घनवाद्यों में घण्टा, जल्लली, झल्लरी तथा कांस्यताल का प्रचार था। मुख की वायु द्वारा बजाये जाने वाले वाद्य सुषिर वाद्य कहलाते हैं। सुषिर वाद्यों में शंख, तूर्य, कुराल, शृङ्ग आदि का नामनिर्देश उपलब्ध होता है। तूर्य वाद्य की ध्वनि अत्यधिक तेज़ एवं दिग्व्यापिनी थी।[24]

सङ्गीत के अन्तर्गत स्वर, ग्राम, मूर्च्छना के साथ रागों का प्रचलन भी प्रारम्भ हो चुका था। सुस्वर सङ्गीत पशु-पक्षि-जगत् को भी आकृष्ट कर सकता है—ऐसी जन-मान्यता थी। आज भी इस सम्बन्ध में अनेक शोधकार्य किये जा रहे हैं। गान में सुस्वरता तथा श्रुतिमधुरता परमावश्यक अङ्ग हैं। सुस्वरता से अभिप्राय साङ्गीतिक स्वरों के सही प्रयोग से है तथा श्रुति-मधुरता से तात्पर्य है गान का कर्णप्रिय होना। विस्वरता गान का बड़ा दोष है। दीर्घकालीन विस्वर गान की अपेक्षा अल्पकालीन सुस्वर गान श्रेयस्कर है—ऐसा तत्कालीन सङ्गीतज्ञों का विश्वास था।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि बौद्ध काल में सङ्गीत की तीनों विधायें—गायन, वादन तथा नृत्य अपनी उन्नत अवस्था में वर्तमान थीं। लोग गान करते थे। गान के साथ विभिन्न वाद्यों के वादन की प्रथा थी। चारों ही प्रकार के वाद्यों का प्रचलन था। गायन और वादन के साथ नृत्य का भी पर्याप्त प्रचार था। कई कई सौ एवं हज़ार नर्तकियाँ विशिष्ट अवसरों पर नृत्यार्थ निमन्त्रित की जाती थीं। नाट्य में भी सङ्गीत का पर्याप्त प्रयोग होता था। सङ्गीत एवं नाट्यादि कलाओं को उचित राज्याश्रय प्राप्त था अन्यथा इन कलाओं को विकास का समुचित अवसर प्राप्त होना कठिन था। सङ्गीत का प्रयोग पारमार्थिक तथा शृङ्गारिक दोनों कार्यों के लिए किया जाता था। बौद्धों को वही सङ्गीत मान्य था जो उनकी आध्यात्मिक साधना में बाधक न बने। बौद्ध-विहारों में सङ्गीताराधन के लिए आराधकों तथा देवदासियों की नियुक्ति होती थी और इनके चारित्रिक व्यवहारों पर शासन का कठोर नियन्त्रण रहता था। सङ्गीत का सामूहिक अनुष्ठान गिरग्ग, समज्ज तथा नक्कत्तकीलं जैसे प्रसिद्ध लोकोत्सवों पर किया जाता था। इन अवसरों पर सङ्गीत के साथ नाट्य तथा आख्यानों का गायन भी हुआ करता था।

बौद्धकालीन सङ्गीत का एक संक्षिप्त विवरण यहाँ प्रस्तुत किया गया है। सङ्गीत की तीनों विधाओं का कैसा रूप उस काल में था, समाज में सङ्गीत तथा सङ्गीतप्रयोक्ताओं को किस दृष्टि से देखा जाता था, वैदिककालीन सङ्गीत का बौद्धकालीन सङ्गीत पर क्या प्रभाव पड़ा, आदि ऐसे अनेक विषय हैं जिन पर शोध किया जाना परमावश्यक है। इन सब विषयों पर किया गया शोधकार्य नूतन तथ्यों को प्रकाशित करेगा और बौद्ध वाङ्मय को और अधिक गौरवान्वित करेगा।

सन्दर्भ-सङ्केत

1. सोशल लाइफ़ इन एनशन्ट इण्डिया—चकलादार, पृ० 85
2. ललित विस्तर, 12, पृ० 139, चकलादार, पृ० 127, 139
3. अर्थपाद०, पृ० 152, बापट
4. जातकाकालीन भारतीय संस्कृति, पृ० 98

5. वही
6. एनशन्ट इण्डियन एजूकेशन, राधाकुमुद मुखोपाध्याय, पृ० 490
7. दीघनिकाय 1, पृ० 6
8. सेतकेतु-जातक,337; जातकालीन भारतीय संस्कृति, पृ० 97
9. महावग्ग,5, 13, 9
10. उदान,5, 6,
11. अर्थपादसुत्त, भूमिका, पृ. 1 बापट
12. मिलिन्दपञ्ह,331. बी. सी. लॉ, पृ० 66-67
13. लॉ कृत 'ट्राइब्स ऑफ़ एनशन्ट इन्डिया' 1943, पृ० 110
14. बी. सी. लॉ., पृ० 72
15. वही, पृ० 166
16. जातक,6,277
17. द्र. रिस डेविड्स, पृ० 83
18. वही
19. द्र.1489, विमानवत्थुभाष्य, पृ० 62-74, 'ट्राइब्स ऑफ़ एनशन्ट इन्डिया', पृ० 218
20. गामणिसंयुत्त 4, पृ० 306, 'हिस्ट्री ऑफ संस्कृत पोयटिक्स,' काणे, पृ० 323
21. जातककालीन भारतीय संस्कृति, वियोगी, पृ० 14
22. नाट्यशास्त्र,28, 2
23. मानसोल्लास,3, 572
24. तेविज्जसुत्त, दीघनिकाय,251, लॉ., पृ० 224

दिल्ली

GLIMPSES OF MUSIC IN THE BUDDHACARITA OF AŚVAGHOṢA*

Sushma Kulshreshtha

Aśvaghoṣa was a contemporary of King Kaniṣka and a predecessor of Kālidāsa. According to the Tibetan biographer of Aśvaghoṣa, he was an excellent musician who himself composed pieces of music and travelled about with a band of male and female singers in the bazars. He played and sang with his choir melancholy songs about the vanity of existence, and attracted by the beautiful melodies, the crowd stood still and listened. In this way he won many over to the Buddhist religion.

Chinese pilgrim I-tsing, who travelled through India in 671-695 A.D. praises Aśvaghoṣa. I-tsing mentions that at his time in India, among other songs which were chanted at Buddhist sanctuaries, there was a collection of sacred texts compiled by Aśvaghoṣa. He relates him also as a composer of songs of the *Sūtrālaṁkāra* and of the *Buddhacarita*.

Buddhacarita is an epic composition widely read and sung throughout India and the countries of the southern sea according to I-tsing. In the present paper, an attempt is made to show Aśvaghoṣa's knowledge of Music, Musical Instruments and Dance. He has made a number of references to different types of songs, *stutis*, dances and instruments like *Vīṇā, Parivādinī, Mahatī, Mṛdaṅga, Paṇava, Dundubhi, Tūrya and Veṇu* and the music of birds also.

Music and Dance occupy a prominent place in Fine Arts *'Gītaṁ vādyaṁ tathā nṛtyaṁ trayaṁ saṅgītamucyate.*[1] Music includes Music Vocal, Music Instrumental and Dance. Aśvaghoṣa has referred to all these

* This paper was presented on 23rd August, 1990 at the XXXIII ICANAS, International Congress of Asian and North African Studies held at University of Toronto, Toronto,Canada from 19th to 25th August,1990.

three at a number of places in his *Buddhacarita* in the course of his narratives and descriptions as well as in the usage of similes and metaphors.

In the third canto entitled *Samvegotpattiḥ* of *Buddhacarita*, we come accoss a beautiful description of the forests. Prince Siddhārtha once happened to listen about these forests, which having a number of other good things were resounding with the songs and were possessed of the sweet notes of *Puṃskokila* :

Tataḥ kadācinmṛduśādvalāni
puṃskokilonnāditapādapāni.
Śuśrāva padmākaramaṇḍitāni
gītairnibaddhāni sa kānanāni[2].

In the fourth canto entitled *Strīnivāraṇa*, a beautiful lady in order to attract Siddhārtha towards herself, sang a sweet song with the presentation of gestures :

Madhuraṁ gītamanvarthaṁ kācitsābhinayaṁ jagau
Taṁ svasthaṁ codayantīva vañcitosītyavekṣitaih[3].

Among the animals, deer are very fond of listening to music. They are attracted by the deceitful music of the hunter. For their love of music, they give up their lives even :

Gītairhriyante hi mṛgā vadhāya
rūpārthamagnau śalabhāḥ patanti.
Matsyo giratyāyasamāmiṣārthī
tasmādanarthaṁ viṣayāḥ phalanti.[4]

When the *Dharma-cakra* (wheel of *Dharma*) set forth by Gautama Buddha started rotating in all the three worlds, human and divine beings started dancing and singing aloud on the earth, in the quarters and in heaven :

Ahinarasuraloke dharmacakraṁ yadedaṁ
tribhuvanasukhaśāntyai cāśu śubhraṁ cacāla.
Bhuvi diśi divi devā bhūtasaṁghāśca sarve
saha kusumanipātairnṛtyagītaṁ ca cakruḥ.[5]

Aśvaghoṣa has made reference to a number of *stutis*, eulogies also. When prince Siddhārtha approached on the Rājapatha, people

offering him their respectful *stutis*. We may presume that these eulogies were in the form of musical compositions :

Taṁ tuṣṭuvuḥ saumyaguṇena keci-
dvavandire dīptatayā tathānye.
Saumukhyatastu śriyamasya keci-
dvaipulyamāśaṃsiṣurāyuṣaśca .[6]

When Siddhārtha attained *Buddhattva, Siddhas, Devas* and the *Maharṣis* started offering him their respectful eulogies, naturally in the form of musical composition and that too in high pitch :

Uccaistamīḍire'dṛśyāḥ siddhā devā maharṣayaḥ.
Āpatiṣyadvipatteḥ prāgiva mamlau tu manmathaḥ.[7]

Trividha saṅgīta (threefold music) is an art. Vātsyāyana in his *Kāmasūtra* referes to 64 arts,[8] out of which the following five are related to music :

(i) *Gīta*
(ii) *Vādya*
(iii) *Nṛtya*
(iv) *Udakavādya*
(v) *Vīṇāḍamarukavādya*

Kalās

Kalās (Arts) are meant for the attraction and recreation of others and self-recreation also. Aśvaghoṣa refers to different arts. In the harem of Siddhārtha, charming ladies tried to attract Siddhārtha through performance of various arts :

Vāgbhiḥ kalābhirlalitaiśca hāvai-
rmadaiḥ sakhelairmadhuraiśca hāsaiḥ.
Taṁ tatra nāryo ramayāṁbabhūvu-
rbhrūvañcitairardhanirīkṣitaiśca .[9]

Adeptness in the performance of arts is essential if a *Nāyikā* wants to attract a *Nāyaka* towards herself. Courtesans are particularly very expert in alluring *Nāyakas* through performance of different arts that include music and dance. King Śuddhodana permitted the courtesans who had expertise in arts to attend to prince Siddhārtha :

Snehācca bhāvaṁ tanayasya buddhvā
sa rāgadoṣānavicintya kāṅścit.
Yogyāḥ samāgyāpayati sma tatra
kalāsvabhigyā iti vāramukhyāḥ.[10]

Instrumental Music

Aśvaghoṣa seems to be familiar with all kinds of musical instruments which have been classified into four groups as follows :

Tataṁ tanrīkṛtaṁ jñeya-
mavanaddhaṁ tu pauṣkaram.
Ghanaṁ tālastu vijñeyaḥ
suṣiro vaṃśa ucyate.[11]

1. Tata Instruments (Cordophones)

Musical instruments using stretched strings, be they of grass, animal gut or metal wire and which are played by fingers (*e.g.*, *Svaramaṇḍala, Tambūrā*) or by the help of *Koṇa* or *Trikoṇa* (*e.g.*, *Viṇā, Sitāra* and *Saroda)* or *Gaja* (*e.g.*, Violin, *Sāraṅgī, Īsarāja* and *Dilrubā*) or stick (*e.g.*, *Santūra)* are called *Tata* Instruments (cordophones or stringed instruments). Among the Tata instruments, Aśvaghoṣa has referred to *Viṇā, Mahatī* and *Parivādinī*.

Three types of *Vīṇā, Ekatantrī, Dvitantrī* and *Tritantrī* are mentioned in the *śāstras*. Lord Brahmā was the expounder of *Nāṭyaveda* and teacher of Bharatamuni. His *Vīṇā* was *Brāhmī*. The other names of *Brāhmī vīṇā* are *Ghoṣa, Ghoṣaka, Ghoṣavatī* and *Ekatantrī*. We find detailed description of *Ekatantrī Vīṇā* in the *Saṅgītaratnākara* of Śārṅgadeva. *Ekatantrī* is considered to be the mother of all the *Vīṇās*. The very touch and holy *Darśana* of this bless the beholder with *Bhukti* and *Mukti*.

As there were no frets (*Sārikās*) in *Ekatantrī*, all the *Mūrcchanās* and *Śrutis* were always present there :

Śrutayo'tha svarā mūrcchanā nanāvidhāstathā.
Ekatantrīkavīṇayām sarvametatpratiṣṭhitam.[12]

The *Vīṇā* known as *Ghoṣaka, Ghoṣavatī* or *Brahmī* upto the times of Bharata, Mataṅga and Nārada came to be called as *Ekatantrī* during

the times of Nānyadeva, Sudhākalaṣa and Śārṅgadeva. We get the reference of nineteen types of *Vīṇās* in the *Saṅgītamakaranda* of Nārada. They are *Kacchapī, Kubjikā, Citrā, Vahantī, Parivādinī, Jayā, Ghoṣavatī, Jyeṣṭhā, Nakulī, Mahatī, Vaiṣnavī, Brāhmī, Raudrī, Kūrmī, Rāvaṇī, Sārasvatī, Kinnarī, Sairandhrī* and *Ghoṣakā*. Originally, there was only one type of *Vīṇā* which was multiplied in different types of *Vīṇās*, with different number of strings in them and also with different ways of playing in due course of time. This fact is brought out by Someśvara in his *Mānasollāsa* :

Tantrībhedaiḥ kriyābhedairvīṇāvādyamanekadhā.[13]

In the fifth canto entitled *Abhiniṣkramaṇa* of *Buddhacarita,* we get beautiful account of how King Śuddhodana, father of Gautama, tries his best to get his son deviated from his supreme goal---attainment of *Buddhatva*. Gautama seeks permission form his father to repair to forest for the attainment of *mokṣa* whereas Śuddhodana makes large arrangements of security and various enjoyments and pleasures so that his son may not leave for the forest. Threefold music is a big source of delight. When Gautama entered his palace, a number of ladies came to attract him in different ways. Some had come there with musical instruments. They began to serve him with enchanting music played on the *Tūryas*. But, alas, Gautama could not get any pleasure in that music as he was aspirant of *Abhiniṣkramaṇa* :

Paramairapi divyatūryakalpaiḥ
sa tu tairnaiva ratiṁ yayau na harṣaṁ.
Paramārthasukhāya tasya sādho-
rabhiniścikramiṣā yato na reme.[14]

Thus, those beautiful ladies became unsuccessful in their endeavour. When gods came to know the firm determination of Gautama, they put all those ladies into deep slumber. They were unaware of their garments and limbs etc. Some lady had come there to please and attract Gautama with her fine performance on *Vīṇā*. But by the grace of gods, she was put to sleep. Aśvaghoṣa has given beautiful description of this lady. She was enjoying sound sleep. She rested her cheek on her hand. She was keeping her beloved gold-plated *vīṇā* on her lap but, all of a sudden, she gave up the *vīṇā* as though she was enraged on her and plunged into deep sleep:

Abhavacchayītā hi tatra kāci-
dviniveśya pracale kare kapolaṁ.
Dayitāmapi rukmapaktracitrāṁ
kupitevāṅkagatāṁ vihāya vīṇām.[15]

Such a description of *vīṇā* on the part of our poet proves his very knowledge of this stringed instrument. He is aware of the fact that *vīṇā* is played keeping it on the lap.

Kālidāsa also describes his *Yakṣī* of *Meghadūta* placing her beloved *Vīṇā* on her lap in the following famous verse in which is given the best reference to *vīṇā* and playing on it :

Utsaṅge vā malinavasane saumya nikṣipya vīṇāṁ
madgotraṅkaṁ viracitapadaṁ geyamudgātukāmā.
Tantrīmārdrāṁ nayanasalilaiḥ sārayitvā kathañci-
dbhūyo bhūyaḥ svayamapi kṛtāṁ mūrcchanāṁ vismarantī.[16]

The players of instruments have high regard and love for their instruments, hence the appropriate word *'dayitām'* by Aśvaghoṣa in the previous verse.

The composer of *Buddhacarita* refers to *Mahatī* and *Parivādinī* in the following verse :

Mahatīṁ parivādinīṁ ca kāci-
dvanitāliṅgya sakhīmiva prasuptā.
Vijughūrṇa calatsuvarṇasūtrā
vadanenākulayoktrakeṇa .[17]

Mahatī and Parivādinī are two different types of *vīṇās*. *Parivādinī* has been enumerated by Nārada in his *Saṅgītamakaranda*. It contained seven strings :

Saptabhiḥ tantrībhiḥ (vīṇā) dṛśyate parivādinī.[18]

Amarakośa says---

Vīṇā tu vallakī vipañcī sā tu tantrībhiḥ saptabhiḥ parivādinī.

No information regarding *Parivādinī* is available in the works of Bharata or Śārṅgadeva. Lexicons like *Yatimānapādakhaṇḍa* and *Abhidhānacintāmaṇi* do refer to it.

Some scholars are of the opinion that the very first reference to *Parivādinī viṇā* has been made by Kālidāsa[19] in the *Raghuvaṁśa* in the following verse :

Bhramaraiḥ kusumānusāribhiḥ parikīrṇā parivādinī muneh.
Dadṛśe pavanāvalepajaṃ sṛjatī vāṣpamivāñjanāvilam.[20]

Kālidāsa uses the term *Parivādinī* for the *viṇā* of sage Nārada whereas according to our *śāstras, Mahatī* is the *viṇā* of sage Nārada. Hemādri, the famous commentator of *Raghuvaṁśa* quotes :

Viśvāvasostu bṛhatī tumbarostu kalāvatī.
Mahatī Nāradasya syātsarasvatyāstu kacchpī.[21]

The famous poet Māgha also refers to *Mahatī* as the *viṇā* of Nārada in his *Śiśupālavadha* :

Raṇadbhirāghaṭṭanayā nabhasvataḥ
pṛthagvibhinnaśrutimaṇḍalaiḥ svaraih.
Sphuṭibhavadgrāmaviśeṣamūrcchanā-
mavekṣamāṇaṁ mahatīṁ muhurmuhuḥ.[22]

According to Nānyadeva, *Mahatī* was a *viṇā* comprising twentyone strings. All the three scales and three *grāmās* were available on it and all the twentyone *Mūrcchanās* could be played on it :

Trigrāmasvarasaṅkhyābhistantrībhirmahatīti yā
nārado vādakastasya nāparo divi viśrutaḥ.
Atra vyaktāstrayo grāmāḥ sphuṭāḥ saptasvarā api
pratisvaraṁ pratigrāmaṁ mūrcchanāstvekaviṃśatiḥ.[23]

It is very strange that our poet uses *Mahatī* and *Parivādinī* in one single verse. He wants to convey that some lady wanted to attract Gautama by her able performance on *viṇā* but all of a sudden, she plunged into deep sleep. It appeared as if she embraced her beloved *viṇā* like her beloved female friend. What exactly is the idea, Aśvaghoṣa wants to express in the aforesaid verse is not very clear. If we say that the lady had come with two *viṇā*s - one *Mahatī* and the other *Parivādinī* and slept embracing her *viṇās* like her beloved female friend, then the presence of two *viṇās* does not sound proper. The only expression which can easily be drawn is that Aśvaghoṣa has used one word as the name of *viṇā* and the other word for denoting *viṇā* instrument. It means according to Aśvaghoṣa that the lady had come

prepared to play on either *Mahatī* or *Parivādinī vīṇā* or we may come to the conclusion that *Mahatī* and *Parivādinī* were the same *vīṇās* because both are described as the *vīṇā* of the sage Nārada.

2. *Avanaddha or Ānaddha Instruments (Membranophones)*

The instruments hollow from inside and covered with the high of animals and which are played upon by hands or sticks are called *Avanaddha* or *Ānaddha* instruments. According to Bharatamuni, there were one hundred types of *Avanaddha* instruments but he has not given detailed description of each of them. The *Avanaddha* instruments referred to by Aśvaghoṣa in his *Buddhacarita* are *Mṛdaṅga, Dundubhi, Paṇava* and *Bherī.*

Mṛdaṅga

According to Sudhākalaṣa, Lord Śaṅkara was the expounder of *Mṛdaṅga* or *Muraja*. Initially, all the *Avanaddha* instruments were known by the term *Puṣkara* as *Puṣkara* was the foremost among the *Avanaddha* instruments. *Puṣkara (Mṛdaṅga)* had three *mukha-s* (drums) which were convered by animal hide. It was made of clay and hence the word *Mṛdaṅga*. In the later period, *Mṛdaṅga* was made of wood having two *mukhas* (drums) only.

In the second canto entitled *Antaḥpuravihāra* of *Buddhacarita,* we come across a graphic description of the royal palace which looked like Kailāsa. Beautiful music was being played there. The palace was resounding with the sounds of golden drums being gently beaten by the ladies and pretty damsel-like dancers were dancing there. It is noteworthy that the music was being perfomed by ladies only:

Kalairhi cāmīkarabaddhakakṣai-
rnārīkarāgrabhihatairmṛdaṅgaiḥ
Varāpsaronṛtyasamaiśca nṛtyaiḥ
kailāsavattadbhavanaṁ rarāja.[24]

In the fifth canto entitled *Abhiniṣkramaṇa,* Aśvaghoṣa refers to *Mṛdaṅga* thus :

Navapuṣkaragarbhakomalābhyāṁ
tapanīyojjvalasaṅgatāṅgadābhyām.
Svapiti sma tathāparā bhujābhyām
parirabhya priyavanmṛdaṅgameva.[25]

A pretty beauty had come to allure Gautama with her *Mṛdaṅga*. But instead of playing on *Mṛdaṅga* and attracting him, she plunged into deep slumber embracing with her arms the *mṛdaṅga* like her lover. Here and also in the previous illustration (V.48), it is remarkable that the poet combines music with erotics. There is one more peculiarity. Aśvaghoṣa referes to the playing of *mṛdaṅga* by ladies only.[26]

Dundubhi

Dundubhi is one of the oldest *Avanaddha* instruments of India. It is played generally by divine beings only on the auspicious occasions of celebrations of birth and marriage etc. We get the reference of *Dundubhi* in the *Ṛgveda, Atharvaveda, Taittirīya Brāhmaṇa, Śatapatha Brāhmaṇa, Vājasaneyī Saṃhitā, Kāṭhaka Saṃhitā, Śāṅkhāyana Śrautasūtra* and *Bṛhadāraṇyaka Upaniṣad.*

According to the *Saṅgītaratnākara, Dundubhi* is made of bronze and its *mukha* is covered by animal hide. it is beaten by a *koṇa* made of animal hide. Originally, there was only one drum in *Dundubhi* but in due course of time, there were two drums in it.

(i) दान पारमिता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण सुप्रसिद्ध शिबि-जातक[11] में स्पष्ट है। राजा शिवि की दानवीरता बौद्ध ग्रन्थों में ही नहीं अपितु पुराणों में भी प्रसिद्ध है। यहाँ वर्णित जातक-कथानुसार बोधिसत्त्व (शिवि-कुमार) की दानप्रियता से विस्मित हुए शक्र ने नेत्रहीन ब्राह्मण का रूप धारण किया और याचक रूप में बोधिसत्त्व से एक

नेत्र की याचना की । नेत्रत्याग की उदात्त भावना से प्रसन्न होकर बोधिसत्त्व ने कहा-'आप मेरी एक आँख चाहते हैं, मैं आपको अपनी दोनों आँखें देता हूँ ।' आकाङ्क्षमाणाय मदेकमक्षि ददामि चक्षुर्द्वयमप्यहं ते ।[12] यहाँ याचक को अपने दोनों नेत्र सहर्ष दान करते हुए बोधिसत्त्व ने दानपारमिता पूर्ण की ।

(ग) यहाँ बोधिसत्व द्वारा अपने प्राणों के त्याग द्वारा दान-परमार्थ पारमिता में पूर्णत्व प्राप्त करने की कथाओं को उपस्थित किया गया है यथा—

व्याघ्री-जातक (1), शश-जातक (6), महाकपि-जातक (27) तथा हस्ति-जातक (30) ।

(i) व्याघ्री-जातक[13] नामक सुप्रसिद्ध कथा बोधिसत्त्व के जीवित-त्याग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है । इसमें बोधसत्त्व (आचार्य) ने एक समय वनगिरि में अपने नवप्रसूत शिशुओं को आहारनिमित्त देखती हुई क्षुधापीड़ित बाघिन को देखा । तब करुणावान् बोधिसत्त्व ने स्वयं को उस बाघिन के भोजन के लिए पहाड़ से गिरा दिया । इस प्रकार उन्होंने आत्मोत्सर्ग पूर्वक दान-परमार्थ पारमिता में पूर्णत्व प्राप्त किया ।

(ii) शश-जातक[14] कथा दान-परमार्थ पारमिता को प्रकट करती है । इसमें शशकयोनि में जन्म लेकर बोधिसत्त्व ने अपने शरीर से अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें भोजनार्थ आमन्त्रित करते हुए कहा—

यदस्ति यस्येप्सिनसाधनं धनं स तन्नियुङ्क्तेऽर्थिसमागमोत्सवे ।
न चास्ति देहादधिकं च मे धनं प्रतीच्छ सर्वस्वमिदं यतो मम ।।[15]

जिसके पास जो उपयोगी साधन होता है, वह उसी से अतिथि का सत्कार करता है । मेरे पास इस शरीर से अधिक कुछ नहीं है । अतएव आप मेरे इस (शरीरोत्सर्ग-रूप) सर्वस्व को स्वीकार करें ।

(iii) महाकपि-जातक[16] में वानरयोनि में उत्पन्न हुए बोधिसत्त्व ने अपने प्राणों को देकर भी अपने आश्रित वानर-समूह की सैनिकों से रक्षा की ।

(iv) हस्ति-जातक[17] में हाथी के रूप में जन्में बोधिसत्त्व ने मरुभूमि में भटकते हुए क्षुधार्त 700 मनुष्यों के प्राण अपना शरीर देकर बचाए । अपने शरीर को पर्वत से गिराकर वे उन मनुष्यों के लिए भोजन-रूप बने । एवम् उपर्य्युद्धृत कथाएँ दान-परमार्थ पारमिता के चरमोत्कर्ष को सुन्दर व अद्भुत रूप से प्रस्तुत करती हैं ।

2. शील पारमिता

शील अथवा सदाचार बौद्ध साधना का मूलाधार है । इसी पर ब्रह्मचर्य जीवन की सफलता तथा बोधिसत्त्वचर्या अवलम्बित है । व्यापक अर्थ में शील से अभिप्राय कुशल कार्यों के सम्पादन से है । संसार में शील ही श्रेष्ठ एवम् उत्तम आचरण का आधार है । शा।ल का कायेन, वाचा तथा मनसा पालन (संयमसम्पन्न होकर) करना अनिवार्य है । निदानकथा में शील-परिपालन के विषय में कहा गया है 'जिस प्रकार टिटहरी अपने अण्डों की, चमरी गाय अपनी पूँछ की, माता अपने एकमात्र पुत्र की और काना अपने एक नेत्र की रक्षा जीवन की चिन्ता

न करते हुए भी (प्रयत्नपूर्वक) करता है, उसी प्रकार शील की एकमात्र रक्षा करना अनिवार्य है।'[18] बौद्धधर्म में गृहस्थों के लिए 'पञ्चशील' और भिक्षुओं के लिए 'दसशील' का पालन परम कर्त्तव्य माना गया है। धर्माचरण के मूलमन्त्र ये दस कुशल कर्म निम्नलिखित हैं—

(i) प्राणातिपात-विरति (अहिंसा)

(ii) अदत्तादान-विरति (अचोरी)

(iii) मृषावाद-विरति (सत्यभाषण)

(iv) काममिथ्याचार-विरति (अव्यभिचार)

(v) सुरामैरेय-विरति (मद्यपान न करना)

(vi) नृत्यगीतवादनत्रय-विरति

(vii) गन्धमाल्यविलेपन-विरति

(viii) उच्चशयनमहाशयन-विरति

(ix) अकालभोजन-विरति (संयमित आहार)

(x) जातरूपरजतप्रतिग्रहण-विरति (सुवर्ण ग्रहण न करना)

कुशल कर्मों का सम्पादन चित्तपरिशोधन-हेतु परमावश्यक है। जातक-कथाओं में शील सदाचरण के महत्त्व को सर्वत्र दर्शाया गया है। जातकमाला में शीलपारमिता के अभ्यास में संलग्न बोधिसत्त्व के उत्कृष्ट कृत्यों का अनेक कथाओं में वर्णन प्राप्त है यथा—

अगस्त्य-जातक (7), विश्वन्तर-जातक (9), यज्ञ-जातक (10), कुम्भ-जातक (11), ब्राह्मण-जातक (12), उन्मादयन्ती-जातक (13/34), चुड्डबोधि-जातक (21), रुरु-जातक (26/38-44) और क्षान्ति-जातक (28)।

(i) विश्वन्तर-जातक[19] शील पारमिता का उत्कृष्ट दृष्टान्त है। इस के अनुसार महादानी विश्वन्तर राजपुत्र (बोधिसत्त्व) ने दानानुरागवश मङ्गल हाथी, राज्यसिंहासन, सम्पत्ति, राजमहल आदि वस्तुओं का त्याग करके[20] तपोवन का आश्रय लिया। तपोवन में उपस्थित ब्राह्मण (याचक) की परिचर्या के लिए दोनों बच्चे भी दान कर दिए। ब्राह्मण के द्वारा पीटे जाने पर वे पिता को पुकारते हुए कहते हैं—

अयं मां ब्राह्मणस्तात लतया हन्ति निर्दयः।
न चायं ब्राह्मणो व्यक्तं धार्मिका ब्राह्मणाः किल॥
यक्षोऽयं ब्राह्मणच्छद्मा नूनं हरति खादितुम्।
नीयमानौ पिशाचेन तात किं नावुपेक्षसे॥[21]

ब्राह्मण के कपट वेष में यह यक्ष निश्चय ही खाने के लिए हमारा अपहरण कर रहा है । यह पिशाच हमें लेकर जा रहा है, पिता जी ! आप हमारी उपेक्षा क्यों कर रहे हैं ?

ऐसी करुणामय पुकार को सुनकर भी बोधिसत्त्व ने सज्जन-धर्म का अनुसरण करते हुए क्रोध नहीं किया । उनकी सहनशीलता एवं क्षमाशीलता उनकी शीलपारमिता की परिचायिका है ।

(ii) ब्राह्मण-जातक[22] में गुरु ने अपने शिष्यों के आचरण एवं शील की परीक्षा करने के लिए उनसे कहा कि 'मेरे दारिद्र्य-दुःख को दूर करने के लिए छिपाकर धन लाओ ।' सभी शिष्यों ने गुरु की आज्ञा (अनुचित कर्म) को अपना कर्त्तव्य समझकर माना किन्तु शुद्धप्रकृति (शिष्य) बोधिसत्त्व ने चोरी को अधर्म माना । इस प्रकार प्रस्तुत कथा धर्मानुचारी, शीलवान् बोधिसत्त्व के उदात्त कृत्य एवं शीलपारमिता के महत्व को प्रकाशित करती है । वस्तुतः यहाँ शील पारमिता का चरमोत्कर्ष स्पष्ट है ।

3. नैष्क्रम्य पारमिता

समस्त बौद्धवाङ्मय में 'नैष्क्रम्य' पद निष्क्रमण, अभिनिष्क्रमण अथवा वैराग्यभाव से गृहत्याग करने के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है । नैष्क्रम्य (पालि नेक्खम्म) का सामान्य अर्थ ही संसार-त्याग है ।[23] इस प्रकार नैष्क्रम्य पारमिता से अभिप्राय है जन्म मरण रूपी चक्र से मुक्ति पाने के लिए अनासक्त होकर गृहत्याग करना और इसका चरमोत्कर्ष धनवैभव युक्त राज्य को भी तृणवत् छोड़ने में है । निदानकथा में वर्णित है कि 'जिस प्रकार बहुत समय तक बन्धनागार में रहने वाले मनुष्य को उसके प्रति स्नेह नहीं रहता और वह उससे निकलने का प्रयत्न बार बार करता है उसी प्रकार सभी भवों (जन्मों) को बन्धनागार के समान जानकर मनुष्य को उनसे मुक्त होने के लिए नैष्क्रम्याभिमुख होना चाहिए ।'[24]

ऐसी अनेक जातक-कथाएँ उपलब्ध हैं जिनमें मनुष्ययोनि में उत्पन्न बोधिसत्त्व गृह तथा राज्य-त्याग करके आध्यात्मिक जीवन में प्रवृत्त होते हैं यथा—

अगस्त्य-जातक (7), विश्वन्तर-जातक (9/27), अपुत्र-जातक (18/20), बिस-जातक (19), श्रेष्ठि-जातक (20/11), चुड्डबोधि-जातक (21), अयोगृह-जातक (32/45-46) । इनमें से यहाँ कुछ जातककथाएँ प्रस्तुत हैं ।

(i) अगस्त्य-जातक[25] के अनुसार विपुल धन सम्पत्ति के स्वामी अगस्त्य ब्राह्मण (बोधिसत्त्व) ने गृहस्थ जीवन के दोषों और तपोमय जीवन के गुणों को जाना । तब उन्होंने चञ्चल धन को तृणवत् त्याग कर तापसोचित प्रवज्या ग्रहण की ।[26] एवं संसार की असारता को जानने वाले बोधिसत्त्व ने नैष्क्रम्य पारमिता का अभ्यास किया ।

(ii) श्रेष्ठि-जातक[27] नैष्क्रम्य पारमिता का सर्वोत्तम उदाहरण है । इसमें बोधिसत्त्व ने किसी राजा के यहाँ कोषाध्यक्ष होकर जन्म लिया । एक समय यह किंवदन्ती प्रसिद्ध हो गई कि बोधिसत्त्व घर छोड़कर प्रव्रजित हो गए हैं । ऐसी किंवदन्ती (जनप्रवाद मात्र) के श्रवण से ही बोधिसत्त्व ने विजन वन में निवास करने का दृढ़

सङ्कल्प किया । अतएव यहाँ जनप्रवाद मात्र को कार्य रूप में परिणत करना, सांसारिक सुखों को त्याग कर वन का आश्रय लेना ही नैष्क्रम्य पारमिता के परिचायक हैं ।

4. प्रज्ञा पारमिता

प्रज्ञा का अर्थ है 'यथार्थ ज्ञान' अथवा 'भूततथता' । प्रज्ञा पारमिता का सभी पारमिताओं में सर्वश्रेष्ठ स्थान है । इसके अभ्यास द्वारा ही यथार्थ ज्ञान होता है कि समस्त पदार्थ अनित्य, अनात्म और दुःखमय हैं । संसार से निर्वेद (विरक्ति) होने पर बोधिसत्त्व निर्वाण-मार्ग पर प्रवृत्त हो जाते हैं ।

निदानकथा में प्रज्ञापारमिता के लिए प्रेरित करते हुए कहा गया है कि 'जिस प्रकार भिक्षु हीनादि भाव को त्यागकर सभी घरों में समान रूप से जाकर भिक्षा प्राप्त करते हैं, उसी प्रकार उच्च निम्न की भावना से रहित होकर बोधिसत्त्व को सभी विद्वज्जनों से तत्त्व की गवेषणा करते हुए प्रज्ञापारमिता में पूर्णत्व प्राप्त करना चाहिए ।[28] जातकमाला की अनेक कथाओं में यह पारमिता द्रष्टव्य है यथा—

अगस्त्य-जातक (7), मैत्रीबल-जातक (8/55), विश्वन्तर-जातक (9), सुपारग-जातक (14), अपुत्र-जातक (18/20), बिस-जातक (19), चुड्डबोधि-जातक (21), महाबोधि-जातक (23), क्षान्ति-जातक (28/21), ब्रह्म-जातक (29), अयोगृह-जातक (32/7-9, 14, 41) आदि ।

(i) अगस्त्य-जातक[29] के अनुसार ब्राह्मणकुलोत्पन्न बोधिसत्त्व ने समस्त वेद-वेदाङ्गों का अध्ययन किया । उन्होंने गृहस्थ जीवन को प्रमाद का घर, शान्ति-विरोधी, विपत्ति-मूल और अतृप्तिजनक माना और मृत्यु की अनिवार्यता को जानकर उन्होंने कहा—

पुनःपुनर्जातिरतीव दुःखं जराविपद्व्याधिविरूपताश्च ।
मर्तव्यमित्याकुलता च बुद्धेर्लोकानतस्त्रातुमिति स्थितोऽस्मि ॥[30]

बार बार जन्म कष्टकारक है, रूप को कुरूप करने वाली वृद्धावस्था और रोग दुःखकारक है । 'मरना ही है' ऐसा सोचकर ही बुद्धि व्याकुल हो जाती है । अतएव प्राणियों की रक्षा के लिए मैं स्थित हूँ । यहाँ सांसारिक निःसारता को जानने वाले बोधिसत्त्व ने प्रज्ञापारमिता का अभ्यास किया ।

(ii) महाबोधि-जातक[31] में परिव्राजक बोधिसत्त्व ने मिथ्यावादी विचारों का अकाट्य तर्कों से खण्डन किया और प्रज्ञा के आधार पर धर्मपरायण होकर लोककल्याण करने का उपदेश दिया ।

(iii) अयोगृह-जातक[32] कथानुसार विनयसम्पन्न राजवंश में जन्में बोधिसत्त्व ने कौमुदी-महोत्सव के शुभपर्व पर नगर की शोभा का आनन्द लेने के अवसर पर वैराग्य का अनुभव किया और सोचा कि जब मृत्यु अजेय शत्रु है तो मनुष्य के लिए आनन्द का अवसर ही कहाँ है ? यथा—

कृपणा बत लोकस्य चलत्वविरसा स्थितिः ।

यदिदं कौमुदीलक्ष्मीः स्मर्तव्यैव भविष्यति ।।[33]

अस्थिरता के कारण संसार की स्थिति दु:खमय और दयनीय है । शीघ्र ही कौमुदी-महोत्सव की यह शोभा भी स्मरण-शेष रह जाएगी ।

इमामवेत्याप्रतिवार्यरौद्रतां कृतान्तशत्रोर्भवने न मे मतिः ।[34]

मृत्यु रूपी शत्रु की रौद्रता का निवारण नहीं किया जा सकता, यह जानकर मेरा घर में रहने का विचार नहीं है । इस प्रकार यथार्थ ज्ञान हो जाने पर बोधिसत्त्व ने तपोवन के आश्रयपूर्वक प्रज्ञापारमिता का अभ्यास किया ।

5. वीर्य पारमिता

वीर्य पद का अर्थ है श्रम, परिश्रम, प्रयत्न तथा पराक्रम । वीर्य पारमिता से अभिप्राय है-प्राणियों की रक्षा पूर्ण उत्साह से प्रमाद रहित होकर करना और आध्यात्मिक साधना के लिए प्रयत्नरत एवम् उत्साहशील रहना । निदानकथा में इसका दृष्टान्त देते हुए बताया गया है कि 'जिस प्रकार सिंह सभी अवस्थाओं में दृढ़ उत्साह पूर्वक रहता है उसी प्रकार सभी योनियों तथा अवस्थाओं में दृढ़ उद्योगी, अनासक्त तथा वीर्यवान् होकर बुद्धत्व प्राप्ति करनी चाहिए ।'[35]

जातकमाला में अनेक कथाएँ वीर्यपारमिता की प्रतिपादक हैं, क्योंकि उत्साह के बिना किसी भी पारमिता की पूर्णता नहीं हो सकती । यथा—

व्याघ्री-जातक (1), शिबि-जातक (2), श्रेष्ठि-जातक (4), शश-जातक (6), मैत्रीबल-जातक (8), सुपारग-जातक (14), हंस-जातक (22), महाकपि-जातक (27) और सुतसोम-जातक (31) आदि ।

(i) सुपारग-जातक[36] में नाविक-रूप में उत्पन्न हुए बोधिसत्त्व के प्रयत्नशील होने का परिचय मिलता है । इसमें उन्होंने भयङ्कर, प्रचण्ड वेगवान् बडवानल में घिरे जलयान को अपने पुण्यबल से सकुशल लौटाया । एवं विपत्तिग्रस्त मनुष्यों की रक्षा करके बोधिसत्त्व ने वीर्य पारमिता का अनुशीलन किया ।

6. क्षान्ति पारमिता

'क्षान्ति' पद सहनशीलता एवं क्षमाशीलता के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है । क्रोध न करते हुए शत्रु को भी क्षमा कर देना क्षान्ति पारमिता है । निदानकथानुसार 'जिस प्रकार पृथ्वी पवित्र अथवा अपवित्र वस्तु को फेंकने वालों के प्रति समरस रहती है, दोनों प्रकार की वस्तुओं को सहनकर स्वीकार कर लेती है, इसी प्रकार निन्दा-प्रशंसा, मान-अपमान आदि को अनासक्त भाव से सहना ही क्षान्ति पारमिता है ।'[37]

जातकमाला की निम्नोक्त कथाओं में इसके दृष्टान्त उपलब्ध हैं यथा—

विश्वन्तर-जातक (9), चुड्डबोधि-जातक (21), महाकपि-जातक (24), शरभ-जातक (25), रुरु-जातक (26), क्षान्ति-जातक (28/23, 29, 55), अयोग्रह-जातक (32/11-14, 16), महिष-जातक (33) और शतपत्र-जातक (34) ।

(i) चुड्डबोधि-जातक[38] कथा में तपस्वी चुड्डबोधि (बोधिसत्त्व) की पत्नी (प्रव्रजिता) के शोभन रूप से आकर्षित होकर नृप द्वारा उसका अपहरण कर लिया जाता है । इस पर भी बोधिसत्त्व क्रोध किए बिना राजा को क्षमा कर देते हैं और शान्ति तथा उपदेशपूर्वक उन्हें क्रोध के दुष्परिणामों[39] से अवगत कराते हैं । वस्तुतः यह कथा बोधिसत्त्व की क्षमाशीलता एवं क्षान्ति पारमिता की परिचायक है ।

(ii) क्षान्ति-जातक[40] क्षमाशीलता के चरमोत्कर्ष का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है । इसमें क्षान्तिवादी (बोधिसत्त्व) तपस्वी के प्रति राजा ने दुर्व्यवहार किया । ईर्ष्यालु राजा ने अपनी स्त्रियों से उन्हें आवृत देखकर प्रवचन देने वाले बोधिसत्त्व पर शस्त्र से प्रहार किए और क्रूरतापूर्वक दोनों हाथ, नाक, कान तथा पैर काट दिए, इतने पर भी बोधिसत्त्व की क्षमा अक्षुण्ण बनी रही । बोधिसत्त्व नृशंस राजा को आशीर्वाद देते हुए बोले—

चिरं जीवत्वसौ राजा मा चैनं पापमागमत् ।।[41]

'वह राजा चिरकाल तक जिए और उन्हें (कोई) पाप न लगे ।' इस प्रकार प्रस्तुत दृष्टान्त क्षान्ति पारमिता में पूर्णत्व का परिचायक है ।

7. सत्य पारमिता

सत्य-पारमिता से अभिप्राय है 'सत्यभाषण' अर्थात् सत्य की रक्षा में अपने प्राणों की भी चिन्ता न करना । सत्यपारमिता का अर्थ हुआ प्राणप्रण से भी सत्यरक्षण में बद्धचित्त रहना । दसशील (शिक्षापदों) में तृतीय (मृषावाद-विरति) असत्य भाषण से विरति है । भयङ्कर भय, प्रलोभन अथवा इच्छा वश असत्य कथन नहीं करना चाहिए । निदानकथानुसार 'जिस प्रकार शुक्र (औषधि) तारा कभी भी अपने मार्ग को छोड़कर अन्य किसी मार्ग से नहीं जाता, उसी प्रकार सत्य के अतिरिक्त कोई मार्ग नहीं है ।'[42] जातकमाला में सत्यपारमिता के अनेक दृष्टान्त वर्णित हैं यथा—

शिबि-जातक (2/36-37), सुपारग-जातक (14), मत्स्य-जातक (15), वर्तकापोतक-जातक (16), श्रेष्ठि-जातक (20), सुतसोम-जातक (31/22, 43-45, 57-58) आदि ।

(i) सुतसोम-जातक[43] में सत्य पारमिता में पूर्णता सिद्ध होती है । इसमें राजकुमार सौदास को राजा सुतसोम (बोधिसत्त्व) ने सत्यनिष्ठा और सदुपदेश द्वारा प्राणिहिंसा तथा नर-मांस-भक्षण से निवृत्त किया । सत्य के कारण ही सौदास ने उन्हें सौ राजकुमारों (बन्दी) सहित मुक्त कर दिया । अन्ततोगत्वा बोधिसत्त्व ने सौदास

को सत्यवचनों के गुणों का महत्त्व बताया । वस्तुत: सत्यवचन सज्जनों का अभीष्ट है, पुण्य और कीर्ति का आलय है । एवम् अपने जीवन, सुख और ऐश्वर्य की उपेक्षा करके सत्य की रक्षा करने वाले बोधिसत्त्व की सत्यपारमिता दर्शनीय है ।

जातकमाला में शिबि-जातक (2/36-37), सुपारग-जातक (14), मत्स्य-जातक (15) और वर्तका-पोतक-जातक (16) आदि कथाओं में 'सत्य-क्रिया' का प्रतिपादन हुआ है । बोधिसत्त्व सत्यादि जिन पारमिताओं में पूर्णत्व प्राप्त कर चुके, उनके बल पर वे अपने अथवा लोगों के कल्याणार्थ सत्यक्रिया करते हैं यथा—

(ii) सुपारग-जातक[44] में बोधिसत्त्व (नाविक) ने बडवानल से अपने जलयान की रक्षा के लिए 'सत्य-क्रिया' करते हुए कहा—

स्मरामि यत आत्मानं यतः प्राप्तोऽस्मि विज्ञताम् ।
नाभिजानामि सञ्चिन्त्य प्राणिनं हिंसितुं क्वचित् ॥
अनेन सत्यवाक्येन मम पुण्यबलेन च ।
बडवामुखमप्राप्य स्वस्ति नौर्विनिवर्तताम् ॥[45]

'होश सम्भालने से लेकर, ध्यान करने पर भी मुझे ज्ञात नहीं होता कि मैंने कभी किसी प्राणी की हिंसा की हो' इस सत्यवचन और मेरे पुण्यबल से जहाज बडवानल में प्रविष्ट हुए बिना ही सकुशल लौट जाए । इस सत्यबल (क्रिया) से उन्होंने अनेक विपत्तिग्रस्त मनुष्यों के प्राण बचाए, अत: यहाँ सत्य पारमिता स्पष्ट है ।

8. अधिष्ठान पारमिता

'अधिष्ठान' का अर्थ दृढ़ निश्चय है । कुशल-कर्म एवं जन (पर) कल्याण में दृढ़निश्चय रहना अधिष्ठान पारमिता है । निदानकथा में इसके विषय में वर्णित है कि 'जिस प्रकार पर्वत सभी दिशाओं से प्रताड़ित वायु द्वारा भी प्रकम्पित नहीं होता, उसी प्रकार लक्ष्य-विनिश्चय के प्रति अडिग तथा अचल रहकर ही अभीप्सित पदार्थ की प्राप्ति की जा सकती है ।'[46] इस प्रकार विमुक्ति, बुद्ध-पद और सर्वज्ञता-प्राप्ति के लिए दृढ़ सङ्कल्प रहना अधिष्ठान पारमिता में पूर्णत्व प्राप्त करना है । जातकमाला में इसको प्रकाशित करने वाली कथाएँ निम्नलिखित हैं यथा—

व्याघ्री-जातक (1/29), शिवि-जातक (2), श्रेष्ठि-जातक (4), अविषह्यश्रेष्ठि-जातक (5), विश्वन्तर-जातक (9), श्रेष्ठि-जातक (20), हंस-जातक (22), महाकपि-जातक (27/9) तथा सुतसोम-जातक (31) ।

(i) शिबि-जातक[47] में अधिष्ठान पारमिता स्पष्ट है । इसके अनुसार (बोधिसत्त्व) राजा शिवि, याचक ब्राह्मण (शक्र) को नेत्रदान करने के लिए दृढ़ सङ्कल्प हैं । राजा के अमात्यों, प्रधानमन्त्री आदि द्वारा उन्हें नेत्रदान से रोकते हुए अनेक प्रकार से समझाया जाता है किन्तु वे अपनी दान-प्रतिज्ञा पर स्थिर तथा दृढ़सङ्कल्प रहते हुए बोले—

दास्यामीति प्रतिज्ञाय योऽन्यथा कुरुते मनः ।

कार्पण्यानिश्चितमतेः कः स्यात्पापतरस्ततः ।।[48]

दूँगा, ऐसी प्रतिज्ञा करके जो अपने विचार को बदलता है, जो कृपणतावश अपने निश्चय को छिन्न करता है, उससे बढ़कर पापी कौन है ?

इस प्रकार सर्वज्ञताप्राप्ति के उपायभूत विभिन्न शीलादि पारमिताओं के पूर्णत्व में बोधिसत्त्व स्थिर-निश्चय रहे । अतः यहाँ अधिष्ठान पारमिता सिद्ध होती है ।

9. मैत्री पारमिता

बौद्धधर्म में प्राणिमात्र के प्रति मैत्री अथवा सौहार्द भाव पर विशेष बल दिया गया है । ब्रह्मविहारों में मैत्री का प्रथम स्थान है । प्राणियों के प्रति करुणा, उदारता, अहिंसा तथा कल्याण की भावना ही वस्तुतः मैत्री पारमिता है । निदानकथा में इसकी उपमा जल से दी गई है 'जिस प्रकार जल पापी व पुण्यात्मा दोनों के प्रति समान भाव रखते हुए शीतलता प्रदान करता है, उसी प्रकार शत्रु अथवा मित्र सभी प्राणियों के प्रति समान मैत्री-भाव से युक्त होना चाहिए' ।[49] जातकमाला की कथाएँ इस पारमिता में संलग्न बोधिसत्त्व के उत्कृष्ट चरित्र को प्रकट करती हैं यथा—

व्याघ्री-जातक (1), शिबि-जातक (2), मैत्रीबल-जातक (8), यज्ञ-जातक (10), शक्र-जातक (11), सुपारग-जातक (14), मत्स्य-जातक (15), हंस-जातक (22/25, 35, 44), महाकपि-जातक (24) तथा (27) और क्षान्ति-जातक (28/24) ।

(i) हंस-जातक[50] मैत्री पारमिता के सर्वश्रेष्ठ दृष्टान्त के रूप में प्रस्तुत है । इसमें हंसों के राजा धृतराष्ट्र के रूप में जन्मे बोधिसत्त्व की मुक्ति के लिए हंस-सेनापति सुमुख अपने आप को मूल्य-रूप (बोधिसत्त्व के बदले) में अर्पित करते हैं । सौहार्द की चरमोत्कृष्टता का परिचायक उनका वचन यहाँ द्रष्टव्य है जिसमें हंसराज को जाल में फाँसने वाले व्याध के प्रति सुमुख कहते हैं—

एकेन यदि तुष्टोसि तत्त्यजैनं गृहाण माम् ।।[51]

'यदि एक (हंसश्रेष्ठ) से ही सन्तुष्ट हो तो इन्हें छोड़ दो, मुझे पकड़ लो ।' अतएव ऐसे कृतज्ञतायुक्त, धैर्यपूर्ण एवं मधुर मित्रवचनों से कठोरहृदय व्याध भी द्रवीभूत हो गया । उसने दोनों हंसों को मुक्त कर दिया । वस्तुतः यह कथा मैत्री व पारमिता का शोभन दृष्टान्त है ।

10. उपेक्षा पारमिता

पारमिता के सन्दर्भ में 'उपेक्षा' का अभिप्राय समभाव, समरस, मध्यस्थ, तटस्थ भाव से है अर्थात् लाभ-हानि, यश-अपयश, सम्मान-अपमान, सुख-दुःखादि सभी अवस्थाओं में एक समान रहना उपेक्षा पारमिता

है । असुख अदु:ख का नाम ही उपेक्षा है । निदानकथानुसार 'जिस प्रकार पृथ्वी शुचि तथा अशुचि के फेंके जाने पर मध्यस्थ बनी रहती है, उसी प्रकार सुख दु:ख के प्रति तटस्थ बने रहना ही उपेक्षा है' ।[52]

जातकमाला की अनेक कथाएँ इसकी सुन्दर निदर्शन हैं यथा—

बिस-जातक (19), चुड्डबोधि-जातक (21), महाकपि-जातक (24 तथा 27), शरभ-जातक (25), रुरु-जातक (26), क्षान्ति-जातक (28/31 से पूर्व व पश्चात् के गद्यांश) और अयोगृह-जातक (32) ।

(i) चुड्डबोधि-जातक[53]-कथानुसार किसी राजा द्वारा अपहृत बोधिसत्त्व की प्रव्रजिता पत्नी ने भय से करुण विलाप किया । सैनिकों ने घसीट कर उनका अपमान किया किन्तु तब भी (ऐसे अपमान किए जाने पर) बोधिसत्त्व क्रोध को शान्त करके क्षोभरहित होकर पूर्ववत् स्थिर रहे । इस प्रकार प्रतिकूल आचरण करने वाले राजा के प्रति बोधिसत्त्व की मध्यस्थता उनकी उत्कृष्ट उपेक्षा पारमिता की परिचायक है ।

ये समस्त जातक कथाएँ भगवान् बुद्ध के पूर्व जन्मों की घटनाओं के रूप में श्रोताओं के मन व मस्तिष्क को प्रभावित करती हैं । इनमें आध्यात्मिक आनन्द, मानव हृदय की भावनाओं के साथ-साथ परोपकार एवं त्याग (बलिदान) के आदर्श भी निहित हैं । नैतिक शिक्षा देने वाली ये कथाएँ अमूल्य हैं ।

वस्तुत: पारमिता के माहात्म्य की प्रकाशक जातक-कथाएँ पारमिता पद को पूर्णत: सार्थक करती हैं । ये दस पारमिताएँ ही दस बुद्धकारक धर्म भी हैं जिनका बोधिसत्त्व ने चार असंख्येय एक लाख वर्ष पर्यन्त विभिन्न योनियों में परिपालन किया । इन दस पारमिताओं के अभ्यास एवम् इनमें पूर्णता द्वारा बोधिसत्त्व बुद्धपद अथवा सर्वज्ञता के अधिकारी बने ।

सन्दर्भ-सङ्केत

1. बोधि (ज्ञान) के लिए प्रयत्नशील प्राणी, जो भविष्य में 'बुद्ध' होगा, 'बोधिसत्त्व' कहलाता है ।
2. 'अङ्गपरिच्चागो पारमियो नाम, बहिरभण्डपरिच्चागो उपपारमियो नाम, जीवितपरिच्चागो परमत्थपारमियो नामाति' । निदानकथा, महेश तिवारी संस्करण, पृ. 62
3. अभिधर्मकोश (वसुबन्धु-कृत), चतुर्थ कोशस्थान, 113 पूर्वार्द्ध, पृ.740-741
4. निदानकथा, दूरे निदान, महेश तिवारी संस्करण, पृ.48
5. शिक्षासमुच्चय (शान्तिदेव-कृत), रत्नमेघ, पृ.34
6. जातकमाला (आर्यशूर-कृत), जातक कथा-3, पृ.24-31
7. जा.मा., जा.क.-4, पृ.30-37
8. जा.मा.- 4/16 का उत्तरार्द्ध
9. जा.मा., जा.क.- 7, पृ.56-69

10. जा.मा.-7/8
11. जा.मा.,जा.क.-2, पृ.10-25
12. जा.मा.- 2/13 का उत्तरार्द्ध
13. जा.मा.,जा.क.-1, पृ.1-11,
14. जा.मा.,जा.क.- 6, पृ.46-57
15. जा.मा.- 6/30
16. जा.मा.,जा.क.- 27,पृ.292-301
17. जा.मा.,जा.क.- 30, पृ.332-345
18. निदानकथा,दूरे निदान,पृ.50
19. जा.मा.,जा.क.-9, पृ.86-113
20. जा.मा.- 9/6
21. जा.मा.- 9/65-66
22. जा.मा.,जा.क.- 12, पृ.130-137
23. पालि-हिन्दी-कोश,आनन्द कौसल्यायन,पृ.179
24. निदानकथा,दूरे निदान,पृ.50-53
25. जा.मा.,जा.क.-7, पृ.56-69
26. जा.मा.- 7/2 के बाद गद्यांश,पृ.56
27. जा.मा.,जा.क.- 20, पृ.196-207
28. निदानकथा,दूरे निदान,पृ.52
29. जा.मा.,जा.क.- 7, पृ.56-69
30. जा.मा.- 7/12
31. जा.मा.,जा.क.- 23,पृ.238-259
32. जा.मा.,जा.क.- 32, पृ. 312-385
33. जा.मा.- 32/7
34. जा.मा.- 32/41 का पूर्वार्द्ध
35. निदानकथा,दूरे निदान,पृ.54.
36. जा.मा.,जा.क.- 14, पृ.150-161
37. निदानकथा,दूरे निदान,पृ.54-57
38. जा.मा.,जा.क.- 21, पृ.206-217
39. जा.मा.- 21/22-34
40. जा.मा.,जा.क.- 28, पृ.302-319.

41. जा.मा.- 28/62 का उत्तरार्द्ध
42. निदानकथा, दूरे निदान, पृ.56-58
43. जा.मा., जा.क.- 31, पृ.345-373
44. जा.मा., जा.क.- 14, पृ.150-161
45. जा.मा.- 14/30-31
46. निदानकथा, दूरे निदान, पृ.58
47. जा.मा., जा.क.- 2, पृ.9-25
48. जा.मा.- 2/22
49. निदानकथा, दूरे निदान, पृ.60
50. जा.मा., जा.क.- 22, पृ.216-239
51. जा.मा.- 22/47 का उत्तरार्द्ध
52. निदानकथा, दूरे निदान, पृ.60-63
53. जा.मा., जा.क.- 21, पृ.206-217

दिल्ली

जातकमाला में अलङ्कार

अञ्जुबाला

कवि आर्यशूर-कृत जातकमाला प्रथम ऐसा संस्कृत बौद्ध-ग्रन्थ है जिसमें बुद्ध-उपदेशों को पाणिनीय संस्कृत भाषा में चम्पू शैली में कवि ने संसार के समक्ष प्रस्तुत करने का स्तुत्य प्रयास किया । यह कृति गद्य-पद्य-मयी चम्पू शैली में 27 विभिन्न छन्दों में उपनिबद्ध है । जातक जो जन्—निष्ठार्थक क्त प्रत्यय तथा स्वार्थ में क प्रत्यय से बना है, का अर्थ 'बीते हुए जन्म की कथा' है । इस ग्रन्थ में विभिन्न योनियों में जन्मे गौतम बुद्ध के पूर्वजन्मों की 34 कथाएं हैं । इन सभी कथाओं में प्रधान पात्र बोधिसत्त्व हैं । कवि ने अपने काल के विषय में कुछ नहीं लिखा किन्तु बाह्यतथ्यों के आधार पर इनका काल 350 ई.—400 ई. के लगभग माना गया है । यद्यपि इस ग्रन्थ का उद्देश्य नैतिक तथा आध्यात्मिक पूर्णता है तथापि इसमें खोजने पर जो अलङ्कार पाए गए वे स्वाभाविक हैं । इन शब्दार्थोभयालङ्कारों को इस शोधपत्र में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है ।

अलङ्कारों का काव्य में महत्त्वपूर्ण स्थान है । गद्य हो अथवा पद्य, उभयत्र अलङ्कारों का प्रयोग होना स्वाभाविक होता है । अलङ्कार कथन की ललित भङ्गिमा है । ये अलङ्कार तीन वर्गों में विभाजित हैं—शब्दालङ्कार, अर्थालङ्कार तथा उभयालङ्कार । जातकमाला ग्रन्थ में आर्यशूर ने अनेक अलङ्कारों का सुन्दर उपन्यास किया है ।

अनुप्रास

काव्यप्रकाश—

वर्णसाम्यमनुप्रासः ।

साहित्यदर्पण—

अनुप्रासः शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत् ।[1]

जहाँ स्वरों में असमानता होने पर भी यदि केवल व्यञ्जनों की समता हो तो वहाँ अनुप्रास अलङ्कार होता है । उदाहरणार्थ—

धनस्य निःसारलघोः स सारो
यद्दीयते लोकहितोन्मुखेन ।
निधानतां याति हि दीयमान-
मदीयमानं निधनैकनिष्ठम् ॥[2]

तुच्छ और असार धन का इतना ही सार है कि यह लोकहित के लिए दान दिया जाता है, क्योंकि जो कुछ दिया जाता है वह (अक्षय) निधि हो जाता है और न दिया जाने वाला धन नष्ट हो जाता है ।

प्रस्तुत पद्य में स्वरों में असमानता रहते हुए भी अनेक व्यञ्जन समान दिखाई देते हैं जैसे—स, र, य, त, न ध, म । अतएव यहाँ अनुप्रासालङ्कार स्पष्ट है । अनुप्रास के अनेक भेद किये गये हैं जिनके उदाहरण जातकमाला में द्रष्टव्य हैं जैसे—लाटानुप्रास—२/१८, छेकानुप्रास—2/50, श्रुत्यनुप्रास—7/17, अन्त्यानुप्रास—14/3,22/23 आदि ।

उपमा

काव्यप्रकाश—

साधर्म्यमुपमा भेदे पूर्णा लुप्ता च ।

साहित्यदर्पण—

साम्यं वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्य उपमा द्वयोः ॥[3]

जहाँ उपमेय और उपमान का परस्पर भेद होने पर भी दोनों की गुण, क्रियादि रूप एक धर्म के कारण समानता हो (सम्बन्ध हो), वहाँ उपमालङ्कार रहता है ।

इस अलङ्कार का प्रयोग जातकमाला में बहुत मिलता है । यथा—

बोधिसत्त्वस्तु तां दृष्ट्वा धीरोऽपि करुणावशात् ।
चकम्पे परदुःखेन महीकम्पादिवाद्रिराट् ॥[4]

उस (व्याघ्री) को देखकर बोधसत्त्व धीर होने पर भी करुणावश दूसरे के दुःख से ऐसे कम्पित हुए जैसे कि महाकम्पन (भूकम्प) से गिरिराज काँप उठता है ।

यहाँ उपमेय-बोधिसत्त्व को उपमान-गिरिराज के समान बताया गया है । दोनों में क्रिया रूप समान धर्म है-कम्पन और उपमावाची शब्द है-इव । इस प्रकार चारों तत्त्वों से युक्त यहाँ पूर्णोपमालङ्कार है ।

अन्यत्र यह अलङ्कार दर्शनीय है—2/6, 6/2, 33, 11/1,7-8, 12/21.

मालोपमा

काव्यप्रकाश—

एकस्यैव बहूपमाने.पादाने मालोपमा ।

साहित्यदर्पण—

मालोपमा यदेकस्योपमानं बहु दृश्यते ।[5]

यह अलङ्कार वहाँ होता है जहाँ एक उपमेय के अनेक उपमान विद्यमान रहते हैं । यथा—

तदभ्रवद्व्योमनि मारुतेरितं

पतत्रिसेनेव वितानवत्क्वचित् ।

विसृत्य माला ग्रथितेव कुत्रचि-

त्समं समन्तान्नृपतेर्व्यकीर्यत ।।[6]

मैत्रीबल-जातक से उद्धृत इस पद्य में उन पुष्पों का वर्णन है जो वृक्षों द्वारा बरसाए गए।

वायु द्वारा प्रेरित वे फूल आकाश में कहीं बादल के समान, कहीं पक्षियों के समूह के समान, कहीं चँदोवे (वितान) के समान और कहीं गुथी हुई विशाल माला के समान एक साथ ही राजा के चारों ओर फैल गए।

यहाँ उपमेय एक है-पुष्प, जिनकी उपमा विभिन्न उपमानों-बादल, पक्षिसमूह, वितान तथा ग्रथित माला द्वारा की गई है। अतएव यहाँ मालोपमालङ्कार घटित होता है।

इसके अतिरिक्त अन्यत्र 8/11 और 13/3 के बाद के गद्यांशों में मालोपमा स्पष्ट है।

यमक

काव्यप्रकाश—

अर्थे सत्यर्थभिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः ।।

साहित्यदर्पण—

सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यञ्जनसंहतेः ।

क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते ।।[7]

जहाँ अर्थ रहने पर भिन्न अर्थ वाले स्वर एवं व्यञ्जन समुदाय की पहले ही क्रम से आवृत्ति हो, वहाँ यमक अलङ्कार होता है। यथा—

अथ प्रववृते तत्र भीरूणां धृतिदारुणः ।

अन्योन्यायुधनिष्पेषजर्जरावरणो रणः ।।[8]

तब वहाँ कायरों का धैर्य (संयम) विदीर्ण करने वाला संग्राम आरम्भ हुआ, जिसमें एक-दूसरे के शस्त्रों की चोट से (योद्धाओं के) कवच चूर (नष्ट) हो रहे थे।

उपर्युक्त पद्य में 'रणः' पद की आवृत्ति हुई है। इसमें प्रयुक्त प्रथम रण निरर्थक है और दूसरा सार्थक है। अतएव यहाँ यमकालङ्कार घटित होता है।

इसी प्रकार यह 3/5, 7/17, 14/19 में भी स्पष्ट है।

रूपक

काव्यप्रकाश—

तद्रूपकमभेदोयमुपमानोपमेययोः ।

साहित्यदर्पण—

रूपकं रूपितारोपाद्विषये निरपह्नवे ।[9]

बिना छिपाए विषय (उपमेय) पर विषयी (उपमान) का अभेदारोप रूपक अलङ्कार कहलाता है । यथा—

त्वमत्र सन्मानससारथी रथी

स्व एव देहो गुणसूरथो रथः ।

अरूक्षताक्षो दमदानचक्रवान्

समन्वितः पुण्यमनीषयेषया ।।[10]

ब्रह्मजातकोद्धृत प्रस्तुत पद्य में बोधिसत्त्व ने राजा को धर्मोपदेश करते हुए कहा—

गुणों को उत्पन्न करने वाला आपका शरीर ही रथ है, जिसके आप रथी हैं । आपका उत्तम मन सारथि और मैत्री इसकी धुरी है । दान और संयम इसके चक्के हैं । पुण्य की इच्छा ही इसकी ईषा है ।

यहाँ राजा के शरीर (विषय) पर रथ (विषयी) का आरोप किया गया है । इसी प्रकार मन पर सारथि, मैत्री पर धुरी, दान एवं संयम पर चक्कों तथा पुण्याभिलाषा पर ईषा का आरोप बिना छिपाए किया गया है । अतएव यहाँ रूपकालङ्कार घटित होता है ।

अन्यत्र—2/16, 16/4, 19/30, 29/56 में भी रूपक दर्शनीय है ।

उत्प्रेक्षा

काव्यप्रकाश—

सम्भावनमथोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य समेन यत् ।

साहित्यदर्पण—

भवेत्सम्भावनोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परात्मना ।।[11]

जहाँ अप्रकृत के रूप में प्रकृत की सम्भावना की जाए वहाँ उत्प्रेक्षा अलङ्कार होता है । यथा—

असावापूर्णशोभेन मण्डलेन हसन्निव ।

निवेदयति साधूनां चन्द्रमाः पोषधोत्सवम् ।।[12]

यह (अपने) पूर्णमण्डल की शोभा से मानो हँसता हुआ चन्द्रमा साधुओं को पोषध व्रत की सूचना दे रहा है ।

यहाँ चन्द्रमा का हँसना और सूचना देना-इन दोनों क्रियाओं की सम्भावना की गई है क्योंकि ये क्रियाएँ मनुष्य में होती हैं चन्द्रमा में नहीं । इस प्रकार प्रकृत की अप्रकृत के रूप में सम्भावना होने से उत्प्रेक्षालङ्कार स्पष्ट है ।

अन्यत्र द्रष्टव्य—1/7, 13/12, 14/32, 16/6

अर्थान्तरन्यास

काव्यप्रकाश—

सामान्यं वा विशेषो वा तदन्येन समर्थ्यते।

यत्तु सोऽर्थान्तरन्यासः साधर्म्येणेतरेण वा॥

साहित्यदर्पण—

सामान्यं वा विशेषेण विशेषस्तेन वा यदि।

कार्यं च कारणेनेदं कार्येण च समर्थ्यते॥[13]

यह वह अलङ्कार है जिसे साधर्म्य या वैधर्म्य से सामान्य का विशेष से, विशेष का सामान्य से, कार्य का कारण से या कारण का कार्य से समर्थन कहा गया है।

यथा—

आदेयतरतां यान्ति कुलरूपगुणाद्गुणाः।

आश्रयातिशयेनेव चन्द्रस्य किरणाङ्कुराः॥[14]

सद्गुण किसी (उच्च) कुल या (सुन्दराकृति) रूप को प्राप्त कर और भी अधिक उपादेय हो जाता है। आश्रय की अतिशयता के कारण चन्द्रकिरणों की दीप्ति बढ़ती ही है।

यहाँ सद्गुण रूपी सामान्य का चन्द्रकिरण आदि विशेष से समर्थन-रूप अर्थान्तरन्यास अलङ्कार दृष्टिगोचर होता है।

अन्यत्र द्रष्टव्य—11/8, 22/88, 25/23.

परिसंख्या

काव्यप्रकाश—

किञ्चित्पृष्टमपृष्टं वा कथितं यत्प्रकल्पते।

तादृगन्यव्यपोहाय परिसंख्या तु सा स्मृता॥

साहित्यदर्पण—

प्रश्नादप्रश्नतो वापि कथिताद्वस्तुनो भवेत्।

तादृगन्यव्यपोहश्चेच्छाब्द आर्थोऽथवा तदा॥ परिसंख्या॥[15]

कहीं प्रश्नपूर्वक अथवा बिना प्रश्न के ही वस्तु को कहे और उसी के सामान अन्य का व्यवच्छेद हो, वहाँ परिसंख्या अलङ्कार होता है। यथा—

धर्मश्च रक्षति नरं न धनं बलं वा।

धर्मः सुखाय महते न विभूतिसिद्धिः।[16]

धर्म ही मनुष्य की रक्षा करता है न कि धन या बल। धर्म से ही महासुख है, न कि सम्पत्ति की प्राप्ति से।

यहाँ बिना प्रश्न के 'धर्म' की विद्यमानता कहकर, धन और बल का व्यवच्छेद किया गया है जो शाब्द है। अतएव यहाँ परिसंख्या अलङ्कार स्पष्ट है।

अन्यत्र द्रष्टव्य—12/4, 19/10, 28/18, 46.

पर्याय

काव्यप्रकाश—

एकं क्रमेणानेकस्मिन् पर्यायः। अन्यस्ततोऽन्यथा॥

साहित्यदर्पण—

क्वचिदेकमनेकस्मिन् अनेकं चैकगं क्रमात्।
भवति क्रियते वा चेत्तदा पर्याय इष्यते॥[17]

जहाँ एक वस्तु क्रम से अनेक में अथवा अनेक वस्तुएं क्रम से एक में होती हैं, वहाँ पर्यायालङ्कार होता है। यथा—

निर्दुर्जनान्यनुपभुक्तसरित्तरूणि
नानाविहंगविरुतानि मृगाकुलानि।
वैडूर्यकुट्टिममनोहरशाद्वलानि
क्रीडावनाधिकसुखानि तपोवनानि॥[18]

दुर्जन रहित, निर्मल नदियों व पवित्र वृक्षों से युक्त, नाना पक्षियों से निनादित, मृगसमूह-युक्त, वैदूर्य-खचित फर्श के समान मनोहर दूर्वाच्छादित (तृणयुक्त) भूमि से युक्त (राजप्रासादों के कृत्रिम) क्रीडा-उद्यानों से अधिक तपोवन सुखकर हैं।

यहाँ एक तपोवन में अनेक वस्तुओं का क्रमशः सम्पादन होने से पर्यायालङ्कार है।

अन्यत्र द्रष्टव्य—12/4, 17/24, 28/36.

उल्लेख

काव्यप्रकाश—अनुपलब्ध।

साहित्यदर्पण—

क्वचिद् भेदाद् ग्रहीतृणां विषयाणां तथा क्वचित्।
एकस्यानेकधोल्लेखो यः स उल्लेख उच्यते॥[19]

जहाँ ग्रहीतृ-भेद या विषय-भेद से एक वस्तु का अनेकधा ग्रहण हो वहाँ उल्लेख अलङ्कार होता है।

यथा—

स ब्रह्मवद्ब्रह्मविदां बभूव
राजेव राज्ञां बहुमानपात्रम्।
साक्षात्सहस्राक्ष इव प्रजानां
ज्ञानार्थिनामर्थचरः पितेव ॥[20]

वह ब्रह्म-वेत्ताओं के लिए ब्रह्म के समान, राजाओं के लिए आदर के पात्र राजा के समान, प्रजाओं के लिए साक्षात् इन्द्र के समान और विद्यार्थियों के लिए अनुकूल व उपकारी पिता के समान थे।

प्रस्तुत पद्य में एक प्राणी (बोधिसत्त्व) के लिए ज्ञातृभेद से अनेक प्रकार का ग्रहण यथा—ब्रह्म, राजा, इन्द्र और पिता किया गया है। यहाँ उल्लेख अलङ्कार उपयुक्त है।

अन्यत्र द्रष्टव्य—31/32-34.

विषम

काव्यप्रकाश—

क्वचिद्यदतिवैधर्म्यान्न श्लेषो घटनामियात्।
कर्तुः क्रियाफलावाप्तिर्नैवानर्थश्च यद्भवेत्॥
गुणक्रियाभ्यां कार्यस्य कारणस्य गुणक्रिये।
क्रमेण च विरुद्धे यत्स एष विषमो मतः॥

साहित्यदर्पण—

गुणौ क्रिये वा चेत् स्यातां विरुद्धे हेतुकार्ययोः।
यद्वारब्धस्य वैफल्यमनर्थस्य च सम्भवः॥
विरूपयोः संघटना या च तद्विषमं मतम्॥[21]

इसके 4 प्रकार हैं—

1. अत्यन्त वैधर्म्य के कारण सम्बन्ध न बनना।

2. कर्त्ता को अपनी क्रिया का अभीष्ट फल प्राप्त न हो, व अनर्थ हो।

3. कार्य कारण के अनुरूप हो, फिर भी उन दोनों की क्रियाएं विरुद्ध हों।

4. कार्य कारण के अनुरूप हो तो भी उन दोनों के गुण विरुद्ध हों।

यथा—तृतीय प्रकार—

दृष्टावदानो व्यसनोदयेषु

वाष्पोद्गमान्मूर्त इवोपलब्धः ।

संरूढमूलोऽपि सुहृत्स्वभावः

शाठ्यं प्रयात्यत्र विनानुवृत्त्या ।।[22]

जिस मित्रता का पराक्रम विपत्ति में मैने देखा था वह इन (बन्धुओं) के आँसुओं से मानों मूर्तरूपेण उपस्थित है किन्तु वह बद्धमूल मित्रता भी (आज) अनुकूल न होने से शठता हो रही है ।

यहाँ गृहत्याग-रूप कारण के अनुरूप वाष्पोद्गम-कार्य है किन्तु फिर भी दोनों की क्रियाएं विरुद्ध हैं । मित्रता सदैव सुखकर, अनुकूल होती है जो यहाँ शठता में परिणत हो रही है । ऐसा विरोध होने से यहाँ विषमालङ्कार घटित होता है ।

अन्यत्र—24/21.

स्वभावोक्ति

काव्यप्रकाश—

स्वभावोक्तिस्तु डिम्भादेः स्वक्रियारूपवर्णनम् ।

साहित्यदर्पण—

स्वभावोक्तिः दुरूहार्थस्वक्रियारूपवर्णनम् ।[23]

कविजन-संवेद्य, दुरूह (सूक्ष्म, कल्पनाशील) पदार्थों के स्वरूप या क्रियाओं का वर्णन करना स्वभावोक्ति अलङ्कार होता है । यथा—

मुक्ता विमुक्ता इव तैर्विमुक्ता

धारा निपेतुः प्रशशाम रेणुः ।

गन्धश्चचारानिभृतो धरण्यां

विकीर्यमाणो जलदानिलेन ।।[24]

(अपने सम्पुटों से) गिरते हुए मोतियों (की पंक्ति) के समान, मेघों से जल-धाराएं गिरीं । धूल शान्त हो गई । पृथिवी से तेज गन्ध निकली, जिसे बादलों के साथ बहने वाली वायु ने (चारों ओर) बिखेर दिया ।

यहाँ वर्षा का स्वाभाविक वर्णन होने से स्वभावोक्ति अलङ्कार है ।

अन्यत्र द्रष्टव्य—8/16, 11/5, 14/1, 17/20.

विशेषोक्ति

काव्यप्रकाश—

विशेषोक्तिरखण्डेषु कारणेषु फलावचः ।

साहित्यदर्पण—

सति हेतौ फलाभावे विशेषोक्तिस्तथा द्विधा ।[25]

जहाँ कारण विद्यमान होने पर भी कार्य का अभाव वर्णित हो, वहाँ विशेषोक्ति अलङ्कार होता है ।

यथा—

युवापि वृद्धोपशमाभिराम-
स्तेजस्व्यपि क्षान्तिसुखस्वभावः ।
विद्वानपि ज्ञानमदानभिज्ञः
श्रिया समृद्धोऽप्यवलेपशून्यः ॥[26]

युवा होने पर भी वृद्धोचित शान्ति से युक्त था, तेजस्वी होने पर भी क्षमाशील, विद्वान् होकर भी ज्ञान-मद से अनभिज्ञ और लक्ष्मीपात्र होकर भी अभिमान-शून्य था ।

यहाँ अनुक्त-निमित्ता विशेषोक्ति अलङ्कार है क्योंकि यौवन, तेज, विद्या, श्री आदि कारणों के होने पर भी क्रमशः उद्दण्डता, क्षमाराहित्य, गर्व तथा अभिमान-रूप कार्यों के अभाव का वर्णन है ।

अन्यत्र द्रष्टव्य—17/1, 21/22, 29.

विभावना

काव्यप्रकाश—

क्रियायाः प्रतिषेधेऽपि फलव्यक्तिर्विभावना ।

साहित्यदर्पण—

विभावना विना हेतुं कार्योत्पत्तिर्यदुच्यते ।[27]

जहाँ कारण के अभाव में भी कार्योत्पत्ति वर्णित हो वहाँ विभावना अलङ्कार होता है । यथा—

यस्यान्नमेतत्तु स एव राजा विनैव राजत्वपरिश्रमेण ॥[28]

जिसे ये फल प्राप्त है वही राजा है, राज्य-सञ्चालन में होने वाले परिश्रम के बिना ही राजा है ।

यहाँ परिश्रमरूपी कारण के अभाव में भी राजारूपी फल के वर्णन होने से विभावना अलङ्कार स्पष्ट है ।

अन्यत्र द्रष्टव्य—11/2, 21/22.

व्यतिरेक

काव्यप्रकाश—

उपमानाद्यदन्यस्य व्यतिरेकः स एव सः ।

साहित्यदर्पण—

आधिक्यमुपमेयस्योपमानान्यूनताऽथवा । व्यतिरेकः ।[29]

उपमान की अपेक्षा अन्य उपमेय के आधिक्य या न्यूनत्व के वर्णन में व्यतिरेक अलङ्कार होता है ।

यथा—

सुदृष्टकर्मा निपुणोऽपि शल्यहृन्न तत्प्रयत्नादपि शल्यमुद्धरेत् ।

यदुज्जहारानभियोगसिद्ध्या स मेधया जन्मशतानुबद्ध्या ।।[30]

सुपरीक्षित निपुण शल्यहारक प्रयत्नपूर्वक भी उस शल्य को नहीं निकाल सकता है, जिसे (शतपत्रपक्षि) उन्होंने जन्मपरम्परा से अनायास प्राप्त बुद्धि से निकाल दिया ।

यहाँ (उपमान) शल्यहारक की अपेक्षा (उपमेय) बोधिसत्त्व के गुणों का उत्कर्ष किया गया है । अतएव व्यतिरेक अलङ्कार है ।

यथासंख्य

काव्यप्रकाश—

यथासंख्यं क्रमेणैव क्रमिकाणां समन्वयः ।

साहित्यदर्पण—

यथासंख्यमनूद्देश उद्दिष्टानां क्रमेण यत् ।।[31]

जहाँ पूर्वोद्दिष्ट पदार्थों का क्रमशः पुनः कथन हो वहाँ यथासंख्य अलङ्कार होता है यथा—

गार्हस्थ्यं महदस्वास्थ्यं सधनस्याधनस्य वा ।

एकस्य रक्षणायासादितरस्यार्जनश्रमात् ।।[32]

धनी और निर्धन दोनों के लिए ही गृहस्थ जीवन बड़ा कष्टदायक है । एक को (धन) रक्षा में कष्ट होता है और दूसरे को उपार्जन में परिश्रम करना पड़ता है ।

यहाँ पूर्वार्द्ध में धनी और निर्धन एक बार कह दिया गया है । उत्तरार्द्ध में पुनः दोनों का यथासंख्य उद्देश है अर्थात् धनी व्यक्ति को धन-रक्षा में और निर्धन को धनोपार्जन में कष्ट होता है ऐसा अर्थ प्रयुक्त करने से यहाँ यथासंख्य अलङ्कार है ।

अन्यत्र द्रष्टव्य—3/2.

आर्यशूर-प्रणीत जातकमाला में उपन्यस्त उपरिविवेचित अलङ्कारों ने इस ग्रन्थ को अप्रतिम सौन्दर्य प्रदान किया है ।

सन्दर्भ-सङ्केत

1. काव्यप्रकाश—9/79, साहित्यदर्पण—10/3
2. जातकमाला—2/50
3. का.प्र.—10/87, सा.द.—10/14
4. जातकमाला—1/16
5. का.प्र.—10/90 के बाद, सा.द.—10/26
6. जा.मा.—8/62
7. का.प्र—9/83, सा.द.—10/8
8. जा.मा.—11/4
9. का.प्र.—10/93, सा.द.—10/28
10. जा.मा.—29/55
11. का.प्र.—10/92, सा.द.—10/40
12. जा.मा.—6/6
13. का.प्र.—10/109, सा.द.—10/61
14. जा.मा.—18/4
15. का.प्र.—10/119, सा.द.—10/81
16. जा.मा.—32/47
17. का.प्र.—10/31, सा.द.—10/79
18. जा.मा.—9/33
19. सा.द.—10/37
20. जा.मा.—1/5
21. का.प्र.—10/126-127, सा.द.—10/69-70
22. जा.मा.—20/28
23. का.प्र.—10/111, सा.द.—10/92
24. जा.मा.—15/11
25. का.प्र.—10/108, सा.द.—10/67
26. जा.मा.—9/3
27. का.प्र.—10/107, सा.द.—10/65
28. जा.मा.—27/6

29. का.प्र.—10/19, सा.द.—10/52
30. जा.मा.—34/6
31. का.प्र.—10/22, सा.द.—10/79
32. जा.मा.—18/11

दिल्ली

जातकमाला में नायकगत सात्त्विक गुण

अञ्जुबाला

संस्कृत शास्त्रकारों ने नायक में कतिपय सात्त्विक गुणों की उद्भावना की है जो नायक के मन की विशेष अवस्थाएँ हैं। सर्वप्रथम आदि आचार्य भरतमुनि सत्त्व को समाहित मन में उत्पन्न मानते हुए मन की समाधि अवस्था में ही सत्त्व-निष्पत्ति बताते हैं। आचार्य भरत-कृत **नाट्यशास्त्र** के अनुसार-'सत्त्वं नाम मनःप्रभवम्। सत्त्व समाहितमनस्त्वादुच्यते। मनसः समाधौ सत्त्वनिष्पत्तिर्भवति।'[1] इनके अनुसार अव्यक्त रूप सत्त्व रसों (तथा भावों) को उचित रीति से रोमाञ्च, अश्रु आदि गुणों के द्वारा भावाश्रित होकर अभिव्यक्त भी करता है—

अव्यक्तरूपं सत्त्वं हि विज्ञेयं भावसंश्रयम्।
यथास्थानरसोपेतं रोमाञ्चास्रादिभिर्गुणैः ॥[2]

आचार्य धनिक ने अपने ग्रन्थ **दशरूपक** में सत्त्व की परिभाषा देते हुए कहा है कि दूसरे के दुःख और हर्षादि की भावना में अन्तःकरण का अत्यन्त अनुकूल हो जाना 'सत्त्व' है—'परगतदुःखहर्षादिभावनायामत्यन्तानुकूलान्तःकरणत्वं सत्त्वम्'।[3] अन्य सभी आचार्यों ने इसी प्रकार अन्तःकरण की भावना विशेष को ही सत्त्वसंज्ञा से अभिहित किया है अर्थात् सत्त्व (सात्त्विक गुण) का सम्बन्ध मानसिक अवस्थाविशेष से स्वीकार किया है किन्तु आचार्य हेमचन्द्र ने शरीर के विकारों से उत्पन्न भाव को सत्त्व बताया है—'सत्त्वं देहविकारस्तस्माज्जाताः'।[4] यहाँ मानसिक अवस्थाविशेष के गुणों को ही सात्त्विक गुण मानना अधिक उचित प्रतीत होता है।

आचार्य भरत से लेकर सभी आचार्य सात्त्विक गुणों की संख्या आठ स्वीकार करते हैं—शोभा, विलास, माधुर्य, स्थैर्य (धैर्य), गाम्भीर्य, ललित, औदार्य तथा तेज—

शोभा विलासो माधुर्यं स्थैर्यं गाम्भीर्यमेव च।
ललितौदार्यतेजांसि सत्त्वभेदास्तु पौरुषाः ॥[5]

आचार्य भरत ने अभिनय के प्रसङ्ग (नाट्यशास्त्रीय दृष्टिकोण) में इनकी उद्भावना की तथापि इनका सर्वत्र (काव्यादि में भी) विशेष महत्त्व है। कविआर्यशूर-कृत जातकमाला संस्कृतनिष्ठ ऐसा बौद्ध ग्रन्थ है जिसमें भगवान् बुद्ध के पूर्वजन्मों की अलग अलग 34 कथाएँ गुम्फित हैं। इन सभी कथाओं में प्रधाननायक[6] (नेता) बोधिसत्त्व हैं। बोधिसत्त्व के महाकरुणा, त्यागभावना और निरभिलाषिता-ये गुण उनकी श्रेष्ठ मनोवृत्ति के परिचायक हैं। पारमिताओं के पूर्णत्व में संलग्न वे जनकल्याण के लिए बद्धचित्त सदैव स्वसुखों को तिलाञ्जलि

देते हुए जीवन यापन करते हैं । इनमें सर्वत्र उनके महान् और दुष्कर कार्यों तथा असह्य मनोबल का ज्ञान प्रवाहित होता है । बोधिसत्त्व स्वयं गुणों के रत्नाकर हैं ।उनमें इन सात्त्विक गुणों का अस्तित्व स्वाभाविक है क्योंकि ये गुण तो अन्तःकरण की विशेष अवस्था के द्योतक हैं । आर्यशूर ने बोधिसत्त्व को सर्वत्र गुणवान् (गुणों के आश्रय) के रूप में प्रस्तुत किया है । यथा—

शीलश्रुतत्यागदयादमानां तेजः क्षमाधीधृतिसंनतीनाम् ।
अनुन्नतिह्रीमतिकान्तिकीर्तिदाक्षिण्यमेधाबलशुक्लतानाम् ॥
तेषां च तेषां स गुणोदयानामलङ्कृतानामिव यौवनेन ।
विशुद्धतौदार्यमनोहराणां चन्द्रः कलानामिव संश्रयोऽभूत् ॥[7]

कवि आर्यशूर की कृति में नायकगत इन सात्त्विक गुणों को ढूँढने का विनम्र प्रयास प्रस्तुत लेख में किया गया है । इन समस्त आठों सात्त्विक गुणों का एक नायक में समावेश हो, ऐसा अनिवार्य नहीं है । बौद्ध धर्म-प्रचार की दृष्टि से रची गई इस कृति में बोधिसत्त्व धर्मरक्षक व धर्मपालक के रूप में चित्रित हैं । यहाँ शोभा आदि का क्रमशः सलक्षण विवेचन प्रसङ्गप्राप्त है ।

1. शोभा

नाट्यशास्त्र—

दाक्ष्यं शौर्यमथोत्साहो नीचार्थेषु जुगुप्सनम् ।
उत्तमैश्च गुणैः स्पर्धा यतः शोभेति सा स्मृता ॥

दशरूपक—

नीचे घृणाधिके स्पर्धा शोभायां शौर्यदक्षते ।

काव्यानुशासन—

दाक्ष्यशौर्योत्साहनीचजुगुप्सोत्तमस्पर्धागमिका शोभा ।

भावप्रकाशन—

दक्षता शौर्यमुत्साहो नीचे कुत्साधिके मुहुः ।
स्पर्धाधिक्रियते यत्र सा शोभेति प्रकीर्तिता ॥

साहित्यदर्पण—

शूरता दक्षता सत्यं महोत्साहोऽनुरागिता ।
नीचे घृणाधिके स्पर्धा यतः शोभेति तां विदुः ॥[8]

शोभा नामक यह सात्त्विक गुण वहाँ होता है जहाँ नायक में शौर्य, दक्षता, उत्साह, सत्य, नीच के प्रति घृणा, उच्च कार्यों में स्पर्धा और अनुरागिता पाई जाती है । उदाहरणार्थ—

(1) शौर्य-शोभा

अन्त्रैः स्वैरपि संयताग्रचरणो मूर्च्छाविरामक्षणे
स्वाधीनव्रणिताङ्गशस्त्रनिचितो रोमोद्गमं वर्मयन् ।
भग्नानुद्वलयन्निजान्परभटान्सन्तर्जयन्निष्ठुरं
धन्यो धाम जयाश्रियः पृथुरणस्तम्भे पताकायते ॥[9]

(यद्यपि) उस वीर के पैरों के अग्रभाग अँतडियों से बँध गये हैं (तो भी) मूर्च्छा समाप्त होते ही वे उठ खडे होते हैं । उनका शरीर घाव व संलग्न शस्त्रों से युक्त है । वीरता-सञ्चार होने से खड़े हुए रोंगटों का मानों कवच धारण किए हुए हैं । हारे हुए सैनिकों को पुनः उत्साहित करते हुए, शत्रु-सैनिकों को निष्ठुरता पूर्वक फटकार रहे हैं । वह विजयलक्ष्मी का निवास स्थान उत्कृष्ट वीर धन्य है, जो उस महान् युद्धस्थल के स्तम्भ पर पताकावत् फहरा रहा है ।

रणस्थल पर घायल हुआ नायक गिरकर मूर्च्छित हो गया और मूर्च्छा के समाप्त होते ही पुनः रणस्थल में आ गया । आचार्य धनिक ने इस पद्य में धराधीश मुञ्ज के शौर्य का वर्णन किया है । अतएव यहाँ 'शौर्य-शोभा' सात्त्विक गुण स्पष्ट है ।

(2) अनुरागवशिता शोभा

अहमेव मतो महीपतेरिति सर्वः प्रकृतिष्वचिन्तयत् ।
उदधेरिव निम्नगाशतेष्वभवन्नास्य विमानना क्वचित् ॥[10]

महाराज (अज) का मैं ही अन्तरङ्ग हूँ, यह बात सभी मन्त्री आदि समझते थे । जैसे समुद्र सब नदियों के जल को अपने में समा लेता है, इसी प्रकार महाराज भी सबकी बात आदरपूर्वक सुनते थे, किसी की अवहेलना नहीं करते थे ।

महाराज अज की समस्त मन्त्रियों के प्रति स्वाभाविक आत्मीयता अनुरागवश है । अतः उपर्युक्त पद्य अज राजा की 'अनुरागजन्य शोभा' का सुन्दर निदर्शन है ।

यहाँ **जातकमाला** में नायक (बोधिसत्त्व) के दाक्ष्य (चतुरता), शौर्य, उत्साह, सत्य, नीच के प्रति घृणा (दया), उच्च के प्रति स्पर्धा और अनुरागवशिता शोभा—सात्त्विक गुण का क्रमशः विवेचन प्रस्तुत है ।

(1) दाक्ष्य-शोभा

नाथः पृथिव्याः स जितेन्द्रियारिर्भुक्तावगीतेषु फलेष्वसक्तः ।
प्रजाहितेष्वाहितसर्वभावो धर्मैककार्यो मुनिवद् बभूव ॥
विवेद लोकस्य हि स स्वभावं प्रधानचर्यानुकृतिप्रधानम् ।
श्रेयः समाधित्सुरतः प्रजासु विशेषतो धर्मविधौ ससञ्जे ॥

ददौ धनं शीलविधिं समाददे क्षमां निषेवे जगदर्थमैहत ।

प्रजाहिताध्याशयसौम्यदर्शनः स मूर्तिमान्धर्म इव व्यरोचत ॥[11]

वह जितेन्द्रिय पृथिवीपति उच्छिष्ट एवं निन्दित भोगों में अनासक्त एवं प्रजाहित-कार्यों में दत्तचित्त था धर्माचरण ही उनका एकमात्र कार्य था । उनकी वृत्ति मुनि-सदृश हो गयी थी । यह जानकर कि प्रधान पुरुष (राजा) के आचरण का अनुसरण ही लोगों (प्रजा) का स्वभाव हो गया है, वह प्रजाओं के श्रेय की इच्छा से स्वयं विशेष रूप में धर्माचरण में संलग्न हुए । उन्होंने धन-दान किया, शीलाश्रय लिया, क्षमा का सेवन और जग-कल्याण की कामना की । प्रजा-हित-चिन्तन से सौम्यदर्शन वे राजा मूर्तिमान धर्म के समान सुशोभित हुए ।

उपर्य्युद्धत तीन पद्यों में चक्रवर्ती सम्राट् के रूप में जन्मे बोधिसत्त्व के उत्तम एवं शोभन गुणों का वर्णन उनके धर्माचरण तथा प्रजाकल्याण में दाक्ष्य का परिचायक है । वह प्रजा के आशय को जानने में कुशल हैं । प्रजा-हित में व्यग्रमानस राजा के दान, शील, सत्य, क्षमादि से समृद्ध कार्य उनकी निपुणता और चारित्रिक उत्कर्ष के प्रतिपादक हैं । अतएव यहाँ नायकगत 'दाक्ष्य-शोभा' नामक सात्त्विक गुण स्पष्ट है ।

जातकमाला में यह सात्त्विक गुण अनेक स्थलों पर उपलब्ध होता है यथा—2/1-2, 3/1, 8/1, 10/32, 13/1-3.

(2) शौर्य-शोभा

अथ प्रतप्तासुरशस्त्रसायकैर्भयात्प्रदुद्राव सुरेन्द्रवाहिनी ।

रथेन विष्टभ्य बलं तु विद्विषां, सुरेन्द्र एकः समरे व्यतिष्ठत ॥[12]

देवेन्द्र-रूप में उत्पन्न बोधिसत्त्व हज़ारों उत्तम घोड़ों से जुते हुए, देदीप्यमान शस्त्रों से सुशोभित, सुवर्ण निर्मित रथ पर आरूढ हुए और चतुरङ्गिणी सेना को लेकर असुरों का सामना किया ।) तब (युद्ध भूमि में) राक्षसों की प्रचण्ड तलवारों तथा तीरों से डरकर देवेन्द्र की सेना को रोककर समर में स्थिर रहे ।

प्रस्तुत पद्य में देवेन्द्र-रूप बोधिसत्त्व का दुर्जयत्व सूचित है । सेना के भाग जाने पर अकेले ही युद्धक्षेत्र में स्थिर रहना उनके 'शौर्य-शोभा' नामक सात्त्विक गुण का प्रतिपादक है ।

अन्यत्र द्रष्टव्य- 1/26-29,31-33, 8/11.

(3) उत्साह-शोभा

अयं पाशेन महता संयतश्चरणे त्वया ।

गुणैरस्य तु बद्धोऽहमतो दृढतरैर्हृदि ॥

नो चेदिच्छसि मे दुःखं तत्कुरुष्व ममार्थनाम् ।

एकेन यदि तुष्टोसि तत्त्यजैनं गृहाण माम् ॥[13]

तुमने महाबन्धन से इन (बोधिसत्त्व) के चरण को बाँधा है, किन्तु इससे दृढतर इनके गुणों से मेरा हृदय बँधा हुआ है । यदि मेरा दुःख (अनिष्ट) नहीं चाहते हो तो मेरी प्रार्थना पूर्ण करो । यदि तुम एक से सन्तुष्ट हो तो इन्हें छोड़ दो, मुझे पकड़ लो ।

सच्चा मित्र विपत्ति में कभी साथ नहीं छोड़ता । अपने मित्र (हंसराज) को विपत्ति में देखकर सुमुख नामक हंस-सेनापति ने अपने प्राणों की चिन्ता नहीं की और समीप आए व्याध से अनुरोध किया कि 'मेरे बदले मेरे मित्र धृतराष्ट्र (बोधिसत्त्व) को छोड़ दो' ऐसे जीवननिरपेक्ष, स्वामिभक्त मित्र की बोधिसत्त्व के लिए मधुर वाणी से क्रूर व्याध का हृदय भी मृदु हो गया । यह उनके पराक्रम, उत्साह एवं वीरत्व आदि गुणों को अभिव्यक्त करता है । वस्तुतः इनमें बोधिसत्त्व की सङ्गति, पवित्र व्यक्तित्व और गुणों का ही माहात्म्य है । एवम् उपर्य्युद्धृत पद्य सुमुख हंस-सेनापति (बोधिसत्त्व-मित्र) के 'उत्साह-शोभा' रूप सात्त्विक गुण के निदर्शक हैं ।

अन्यत्र द्रष्टव्य - 9/25, 27, 77.

(4) उच्च कार्यों में स्पर्धा-रूप शोभा

दानोद्भवः कीर्तिमयः सुगन्धस्तस्यार्थिना वागनिलप्रकीर्णः ।
मदं जहारान्यनराधिपानां गन्धद्विपस्येव परद्विपानाम् ॥[14]

दानोत्पन्न उन (शिवि नामक बोधिसत्त्व) की कीर्तिमय सुगन्ध ने, जिसे याचकों ने अपनी वाणी रूपी हवा से (दिशाओं में) फैलाया, दूसरे राजाओं के मद का अपहरण किया, जिस प्रकार गन्ध-कुञ्जर की सुगन्ध (हवा में फैलकर) दूसरे हाथियों का अभिमान चूर्ण करती है ।

प्रस्तुत पद्य शिवि राजा के दानमय कार्यों का वर्णन करता है । उनकी दान-कीर्ति ने अन्य राजाओं का अभिमान चूर-चूर कर दिया । बोधिसत्त्व के जीवन का उद्देश्य याचकों को इच्छित वस्तु देकर आनन्दित करना है, इसी प्रकृति से उच्चकार्यों में उनके 'स्पर्धा-रूप शोभा' गुण की अभिव्यक्ति यहाँ हो रही है ।

अन्यत्र द्रष्टव्य - 1/3, 9/77 का उत्तरार्द्ध, 31/31.

(5) नीच कार्यों के प्रति घृणा (दया) - रूप शोभा

अमृष्यमाणः स जगद्गतानां दुःखोदयानां प्रसृतावलेपम् ।
दानेषुवर्षी करुणोरुचापस्तैर्युद्धसंरम्भमिवाजगाम ॥[15]

वे (बोधिसत्त्व) संसार में दुःखों (के कारणों) का अनुचित प्रसार नहीं सह सकते थे अतएव करुणा का विशाल धनुष लेकर दानरूपी तीरों की वर्षा करते हुए उन्होनें मानों उनसे घोर युद्ध किया ।

बोधिसत्त्व (युवराज विश्वन्तर के रूप में जन्मे) की त्रिलोकव्याप्त कीर्ति और उनके दानानुराग से प्रभावित याचकगण प्रतिदिन खिंचे आते थे और पूर्णमनोरथ होकर आनन्दित होते थे । ज्ञानगरिमासम्पन्न महासत्त्व के लिए प्रकृतिवश दुःखों का प्रसार असह्य था । अतएव करुणावश उन्होंने याचको की पीडा दान-कर्म से दूर की । यहाँ

बोधिसत्त्व दु:खों से मानों युद्ध करते हुए दर्शाये गये हैं। उनका यह पौरुष उनके 'नीच कार्यों के प्रति घृणा अथवा दया रूप शोभा' सात्त्विक गुण का परिचायक है।

अन्यत्र द्रष्टव्य- 13/19-20.

(6) अनुरागवशिता शोभा

अनेकदु:खायतने शरीरे सदा कृतघ्नेऽपि नराधिपस्य।
गतेऽर्थिसम्माननसाधनत्वं हर्षानुकूलं ग्रहणं बभूव ॥[16]

यद्यपि यह शरीर सदा कृतघ्न रहने वाला और अनेक दु:खों का घर है तथापि याचकों के आदर सत्कार का साधन सिद्ध हुआ, ऐसा सोचकर (बोधिसत्त्व) राजा को बहुत आनन्द हुआ।

यहाँ बोधिसत्त्व—मैत्रीबल नामक राजा के दानानुराग की अतिशयता सूचित हो रही है। अपने शरीर-मांस और रक्त का दान यक्षों को देने के आनन्द से उनके नेत्र व मुखमण्डल खिल उठे और हृदय दान देने की प्रसन्नता से आपूर्ण हो गया। धर्मानुरागी, दानवीर तथा महाकारुणिक बोधिसत्त्व का अनुराग स्वाभाविक है। इस प्रकार यहाँ 'अनुरागवशिता शोभा' नामक सात्त्विक गुण स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त दान-औदार्य रूप सात्त्विक गुण भी व्यञ्जित है।

अन्यत्र द्रष्टव्य-2/3, 31/95.

2. विलास

नाट्यशास्त्र—

धीरसञ्चारिणी दृष्टिर्गतिर्गोवृषभाञ्चिता।
स्मितपूर्वमथालापो विलास इति कीर्तितः ॥

दशरूपक—

गतिः सधैर्या दृष्टिश्च विलासे सस्मितं वचः ॥

काव्यानुशासन—

धीरे गतिदृष्टी सस्मितं वचो विलासः ॥

भावप्रकाशन—

वृषयानं स्मितालापो विलास इति कथ्यते ॥

साहित्यदर्पण—

धीरा दृष्टिर्गतिश्चित्रा विलासे सस्मितं वचः ।[17]

जहाँ नायक की दृष्टि में धैर्य, गति में गो तथा वृषभ के समान विचित्रता, वाणी में माधुर्य (मधुरवाणी), स्मितपूर्वक भाषण, शुभाकृति और सम्पद् विपद् में समता होती है, वहाँ 'विलास' नामक सात्त्विक गुण कहा जाता है यथा—

सुधासोदारवाचस्ते स्मितपूर्वाभिभाषणः ।
को नामार्थी न तुष्टः स्यादलं तावद्धनागमैः ॥[18]

मुस्कुराते हुए अमृत-सदृश आपके मीठे कथन से ही ऐसा कौन याचक है जो सन्तुष्ट नहीं हो जाता, फिर आगे धनप्राप्ति की बात ही क्यों कही जाए ?

(1) उत्तप्तचामीकरसंनिकाशं श्रीमद्वपुर्व्यक्तपदाक्षरा वाक् ।
धर्माभिजातो विनयो नयश्च काव्यप्यमू केवलहंसवेषौ ॥[19]

